


दैनिक

# प्रतिदिन राजधानी

आम आदमी का खास अखबार

संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी | प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी | वर्ष : 25 | अंक : 126 रायपुर, मंगलवार, 20 मई 2025 | पृष्ठ : 12 | मूल्य ₹ 2.00 | RNI NO. CHH HIN/2001/05596




3 मुख्यमंत्री साय ने किया ...

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444

सलमान खान और ऋतिक... 6

## यूको बैंक के पूर्व चेयरमैन सुबोध गोयल गिरफ्तार




एजेंसी, नई दिल्ली

यूको बैंक के पूर्व चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर सुबोध कुमार गोयल को ईडी ने गिरफ्तार किया है। 6,200 करोड़ के बैंक फ्रॉड में Enforcement Directorate ने यह बड़ी कार्रवाई की है। सुबोध पर आरोप है कि उन्होंने एक कंपनी को हजारों करोड़ के लोन दिलवाने में धांधली की और बदले में मालामाल हो गए। गोयल को इस पूरे खेल के बदले में कमीशन मिला. कैश, प्रॉपर्टी, लग्ज़री चीजें, होटल बुकिंग्स, ये सब कुछ एक जाल जैसे नेटवर्क के ज़रिए पहुंचाया गया, ताकि किसी को भनक ना लगे।

प्रवर्तन निदेशालय के मुताबिक गोयल पर आरोप है कि जब वो UCO Bank के CMD थे, तब उन्होंने Concast Steel & Power Ltd. (CSPL) नाम की कोलकाता बेस्ड कंपनी को मोटे लोन पास करवाए। बात सिर्फ कागज़ों तक नहीं रही, लोन की रकम, यानी करीब 6,210 करोड़, को कंपनी ने इधर–उधर घुमा दिया और ये पैसा आखिरकार गलत हाथों में चला गया।

इतना ही नहीं, ED का दावा है कि गोयल को इस पूरे खेल के बदले में कमीशन मिला। कैश, प्रॉपर्टी, लग्ज़री चीजें, होटल बुकिंग्स, ये सब कुछ एक जाल जैसे नेटवर्क के ज़रिए पहुंचाया गया, ताकि किसी को भनक न लगे।

ED के अनुसार, गोयल को जो भी पैसे और सुविधाएं मिलीं, वो शेल कंपनियों और फर्जी लोगों के नाम से ट्रांसफर की गईं। इसका मकसद पैसे की असली पहचान छुपाना था। इन शेल कंपनियों के ज़रिए प्रॉपर्टीज खरीदी गईं और इन सबका असली मालिक खुद गोयल और उनके परिवार के लोग हैं।

'मैं उपलब्ध नहीं हूं,' यूसुफ पठान पाकिस्तान की पोल खोलने वाली संसदीय टीम के साथ विदेश नहीं जाएंगे।

# 'गोली उन्होंने चलाई, धमाका हमने किया : सेना

एजेंसी, नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान और गुलाम कश्मीर में मौजूद आतंकी ठिकानों को नेस्तानाबूद कर दिया। आतंकियों के मारे जाने के बाद बौखलाहट में आकर पाकिस्तान ने 400 से ज्यादा ड्रोन भारत पर दागे।

लेकिन भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने सारे ड्रोन को नष्ट कर दिया। दुनियाभर में भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम की चर्चा हो रही है। वहीं, भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया। पाकिस्तान के कई सैन्य एयरबेस तबाह कर दिए गए।



### ऑपरेशन सिंदूर एक सुनियोजित मिशन था: भारतीय सेना

सेना के एक मेजर ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा, गोली उन्हें चलाई थी पर धमाका हमने किया। ऑपरेशन सिंदूर एक सुनियोजित और मिशन–उन्मुख हमला था। हमारा इरादा बहुत स्पष्ट था, हमें दुश्मन के आतंकी ढांचे और घुसपैठ में मदद करने वाली चौकियों को नष्ट करना था। हम इसके लिए हमने मानसिक, सामरिक और तार्किक रूप से पूरी तैयारी की।

भारतीय सेना के एक जवान ने भारतीय हथियारों की ताकत की जानकारी दी। उन्होंने कहा, हमने दिखाया कि हमारे पास भी ऐसा गन सिस्टम है जिससे हम किसी भी टारगेट को तबाह कर सकते हैं। ये अपने टारगेट को लंबी दूरी से ट्रैक करके लॉक कर सकता है। जैसे ही वो प्रभावी रेंज में आता है, फायरिंग की कार्रवाई की जाती है। हमने सभी ड्रोन को नष्ट कर दिया। इसकी सफलता दर 100 प्रतिशत है।

उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में भी अगर दुश्मन देश ड्रोन, विमान या मिसाइल भेजकर हम पर हमला करने की कोशिश करेगा तो हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे और हम उन्हें हवा में ही नष्ट करने की क्षमता रखते हैं।

### भारतीय सेना ने बताई आकाशतीर' की ताकत

वहीं, भारतीय सेना के मेजर ने कहा,हमारे ऑपरेशन सिंदूर में 'आकाशतीर' सिस्टम ने सबसे अहम भूमिका निभाई है। यह सिस्टम एक केंद्रीय स्वचालित कमांड और कंट्रोल सिस्टम है जो सभी वायु सेनाओं और सेना के रडार से एकीकृत है। दुश्मन के ड्रोन बहुत बड़ी संख्या में हमारे ठिकानों पर आए थे। आकाशतीर सिस्टम ने ही सारे ड्रोनों को नष्ट कर दिया। यह सिस्टम भारत में बना है। यह हमें दुश्मन के ड्रोन और विमानों को अच्छे तरीके से नष्ट करने में मदद कर रहा है।

### अखनूर सेक्टर में तैनात किए गए एल-70 एयर डिफेंस गन

वहीं, कश्मीर के अखनूर सेक्टर में भारतीय सेना ने उन्नत एल–70 एयर डिफेंस गन का प्रदर्शन किया और बताया कि कैसे भारतीय सेना के स्वदेशी 'आकाशतीर' ने हाल ही में भारत–पाकिस्तान संघर्ष के दौरान पाकिस्तान के हवाई हमलों को विफल किया।

भारतीय सेना के एक जवान ने अर्ली वार्निंग रडार की जानकारी दी। उन्होंने कहा, मेरे ठीक पीछे जो रडार आप देख रहे हैं, वह एयर डिफेंस सिस्टम का अर्ली वार्निंग रडार है और यह अर्ली वार्निंग रडार आज का सबसे आधुनिक रडार है। इस रडार में लंबी दूरी की क्षमता है, यानी यह लंबी दूरी से दुश्मन के लक्ष्य को खोजने और उसका पता लगाने की क्षमता रखता है।

अपनी लंबी रेंज के कारण इसने दुश्मन के सभी लक्ष्यों को, चाहे वह ड्रोन हो, यूएवी हो या विमान हो, बहुत अच्छे से खोजा और पता लगाया। इसने लक्ष्य का डेटा फायर कंट्रोलर को दिया और फायर कंट्रोल रडार से जुड़ी हथियार प्रणाली ने उस खास लक्ष्य पर प्रभावी फायर किया, जिससे वह हवा में ही नष्ट हो गया।

## भारत कोई धर्मशाला नहीं जहां दुनिया भर के शरणार्थी घुस आएं : सुप्रीम कोर्ट



एजेंसी, नई दिल्ली

भारत को एक धर्मशाला के रूप में नहीं देखा जा सकता, जहां विभिन्न देशों से शरणार्थी आते रहें और बसते जाएं. सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी एक श्रीलंकाई तमिल की याचिका को खारिज करते हुए की. जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा कि भारत की अपनी जनसंख्या 140 करोड़ से अधिक है, ऐसे में क्या यह संभव है कि भारत सभी शरणार्थियों का स्वागत कर सके? उन्होंने श्रीलंकाई तमिल व्यक्ति की हिरासत में लिए जाने के मामले में दखल देने से भी इनकार कर दिया, जबकि उस व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी हिरासत के खिलाफअपील दायर की थी.

जस्टिस दीपांकर दत्ता की अध्यक्षता वाली बेंच में जस्टिस के. विनोद चंद्रन भी शामिल थे. एक श्रीलंकाई तमिल ने मद्रास हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ याचिका दायर की, जिसमें कहा गया था कि उसे अपनी 7 साल की सजा पूरी करने के तुरंत बाद देश छोड़ देना चाहिए. इस व्यक्ति को [illegible] के तहत 7 साल की सजा सुनाई गई थी, लेकिन उसने सजा पूरी होने के बाद भारत में रहने की इच्छा व्यक्त की. उसके वकील ने अदालत को बताया कि वह वीजा पर भारत आया था और यदि वह अपने देश लौटता है, तो उसकी जान को खतरा हो सकता है. उन्होंने यह भी कहा कि व्यक्ति को बिना किसी डिपोर्टेशन प्रक्रिया के लगभग तीन साल से हिरासत में रखा गया है.

जस्टिस दीपांकर दत्ता ने याचिका पर टिप्पणी करते हुए पूछा कि आवेदक का यहां रहने का क्या अधिकार है. याची के वकील ने बताया कि वह एक शरणार्थी हैं और उनके परिवार के सदस्य पहले से ही भारत में बस चुके हैं. इस पर जस्टिस दत्ता ने स्पष्ट किया कि आवेदक को भारत छोड़ने का आदेश देने में आर्टिकल 21 का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है. उन्होंने कहा कि आर्टिकल 19 के तहत भारत में बसने का अधिकार केवल नागरिकों को है, और किसी विदेशी व्यक्ति को यहां बसने का अधिकार नहीं है. वकील ने यह भी कहा कि यदि उनके मुवक्किल अपने देश लौटते हैं, तो उनकी जान को खतरा हो सकता है, जिस पर जस्टिस दत्ता ने सुझाव दिया कि वे किसी अन्य देश में जा सकते हैं।



## सीएम साय ने पीएचई सब इंजीनियर को लगाई फटकार , कहा-गेट आउट

गौरेला–पेंड्रा–मरवाही (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार का तीसरे चरण जारी है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हेलीकॉप्टर आज जीपीएम जिले के चुकतीपानी गांव में उतरा. मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और सरकारी योजनाओं का फीडबैक लिया. ग्रामीणों ने गांव में पेयजल व्यवस्था की समस्या से अवगत कराया. जिसपर मुख्यमंत्री ने चौपाल के बीच जल जीवन मिशन के काम में लापरवाही से नाराज होकर पीएचई के सब इंजीनियर को जमकर फटकार लगाई. उन्होंने कहा कि काम करो या फिर सस्पेंड होने के लिए तैयार रहो.

सुशासन तिहार के बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का अलग–अलग अंदाज देखने को मिला. सीएम साय ने कड़े लहजे में पीएचई के सब इंजनियर को फटकार लगाते हुए कहा कि या तो ईमानदारी से काम करो या फिर सस्पेंड होने को तैयार रहो. ये सरकार का काम है, कोई मजाक नहीं. गेट आउट..

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर गरीब को आवास देने का सरकार अपना सबसे बड़ा वायदा पूरा कर रही है और इसी क्रम में चुकतीपानी में भी 179 पीएम आवास स्वीकृत किए गए हैं। महतारी वंदन योजना के बारे में महिलाओं से पूछने पर उन्होंने बताया कि वो योजना के पैसों से स्व सहायता समूह बनाकर काम कर रही है और घरेलू खाद से सब्जियां उगाकर उसे नजदीक के सभी मंडी में बेचकर आय अर्जित कर रही है। स्थानीय महिलाओं ने वर्मी कम्पोस्ट में उगाई गई लाल भाजी को मुख्यमंत्री को भेंट भी किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर चुकतीपानी गांव के मिडिल स्कूल का मरम्मत करने की घोषणा की और साथ ही स्कूल के मैदान को मिनी स्टेडियम के रूप में उन्नयन करने की भी घोषणा की।

## शराब घोटाला मामला : अनवर ढेबर को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए प्रमुख आरोपी अनवर ढेबर को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज ईसीआईआर के तहत अनवर ढेबर को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। याचिकाकर्ता ढेबर के वकील अर्शदीप सिंह खुराना ने अदालत में तर्क दिया कि पहले की ईसीआईआर के तहत अनवर ढेबर पहले ही 80 दिनों की हिरासत पूरी कर चुके हैं। वर्तमान ईसीआईआर के तहत उन्हें 8 अगस्त 2024 को गिरफ्तार किया गया था और अब तक 3 पूरक शिकायतें दायर की जा चुकी हैं, जिनमें 40 गवाहों का हवाला दिया गया है, और जांच अब भी जारी है।

### सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया यह फैसला

न्यायालय ने यह भी माना कि इस अपराध की अधिकतम सजा 7 वर्ष है और 'सेंथिल बालाजी बनाम उप निदेशक' के फैसले के अनुरूप यह मामला जमानत के योग्य बनता है। अदालत ने आदेश दिया कि अपीलकर्ता एक सप्ताह के भीतर विशेष अदालत के समक्ष प्रस्तुत हों, और प्रवर्तन



निदेशालय की दलीलों को सुनने के बाद उन्हें कठोर शर्तों के साथ जमानत पर रिहा किया जाए।

### एसीबी ने 17 मई को 13 अलग-अलग स्थानों पर की छापेमारी

छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित आबकारी घोटाले की जांच अब और तेज हो गई है। भ्रष्टाचार निवारण ब्यूरो **(ACB)** ने 17 मई को एक अहम कदम उठाते हुए रायपुर, जगदलपुर, अंबिकापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिलों में 13 अलग–अलग स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की कथित संलिप्तता के बाद की गई है।

**कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी का मामला**

## माफी खारिज जांच के लिए एसआईटी गठित

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह की कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई विवादित टिप्पणी पर उनकी माफी को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने इसे मगरमच्छ के आंसू करार देते हुए मामले की जांच के लिए तीन वरिष्ठ IPS अधिकारियों की विशेष जांच टीम गठन का आदेश दिया है। यह टिप्पणी शाह ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कर्नल कुरैशी को आतंकवादियों की बहन कहकर की थी, जिसके बाद मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के निर्देश पर उनके खिलाफ FIR दर्ज की गई थी।

कर्नल सोफिया कुरैशी, भारतीय सेना की एक वरिष्ठ अधिकारी, ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की जानकारी मीडिया को दी थी। यह ऑपरेशन 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब था, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। 12 मई 2025 को इंदौर के



रायकुंडा गांव में एक कार्यक्रम के दौरान, विजय शाह ने कहा, जिन्होंने हमारी बेटियों के सिंदूर उजाड़े थे' हमने उनकी बहन भेजकर उनकी ऐसी–तैसी करवाई। इस बयान को कर्नल कुरैशी पर अप्रत्यक्ष हमला माना गया, जिसे सांप्रदायिक, लैंगिक और अपमानजनक करार दिया गया।

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला

जस्टिस सूर्या कांत और जस्टिस एन. कोटिस्वर सिंह की पीठ ने शाह की माफी को 'नाटकीय' और 'कानूनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश बताया। जस्टिस कांत ने कहा, आप एक जिम्मेदार राजनेता हैं। आपको अपने शब्दों का वजन समझना चाहिए।




## एशिया कप में नहीं खेलेगी टीम इंडिया



एजेंसी, नई दिल्ली

बीसीसीआई ने एशिया कप में टीम इंडिया की भागीदारी को लेकर बड़ा फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि बीसीसीआई ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ी टेंशन को देखते हुए फिलहाल के लिए इस मल्टीनेशन टूर्नामेंट से दूर रहने का फैसला किया है। बीसीसीआई ने इस फैसले के बारे में उसने एशियन क्रिकेट काउंसिल यानी ACC को भी बता दिया है।

एक अंग्रेजी अखबार के हवाले से कहा गया है कि बीसीसीआई अगले महीने श्रीलंका में महिलाओं की होने वाली एमर्जिंग एशिया कप का भी बहिष्कार करेगी। उसके अलावा सितंबर में होने वाले मेंस एशिया कप से तो टीम इंडिया बाहर रहेगी ही। बता दें कि एशियाई क्रिकेट काउंसिल यानी ACC को फिलहाल पाकिस्तान के मंत्री मोहसिन नकवी हेड कर रहे हैं, जो कि PCB के भी चेयरमैन हैं। सूत्रों ने बताया कि अपने फैसले को लेकर बीसीसीआई भारत सरकार के लगातार संपर्क में है।

## भारत में पाक जासूसों की फौज..?

एजेंसी, नई दिल्ली

22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जासूसी गतिविधियों में शामिल लोगों पर देशव्यापी कार्रवाई के बीच पिछले तीन दिनों में कई राज्यों में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में ट्रैवल व्लॉगर, छात्र, एक सुरक्षा गार्ड, आम लोग और एक ऐप डेवलपर शामिल हैं।

ज्योति मल्होत्रा वो यूट्यूबर जिसकी चर्चा देश भर में हो रही है कि क्या वो पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रही थी। लेकिन ज्योति एकलौती नहीं है। ऐसे कई लोग हैं। ऐसा लग रहा है कि पाकिस्तानी जासूसों की फौज भारत में तैयार की जा रही थी। कई भारत में ऐसे लोग हैं जिन्हें पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जासूसी गतिविधियों में शामिल लोगों पर देशव्यापी कार्रवाई के बीच पिछले तीन दिनों में कई राज्यों में पाकिस्तान के



लिए जासूसी करने के आरोप में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में ट्रैवल व्लॉगर, छात्र, एक सुरक्षा गार्ड, आम लोग और एक ऐप डेवलपर शामिल हैं।

### गजाला और यामीन मोहम्मद

ज्योति मल्होत्रा के साथ, पुलिस ने 32 वर्षीय विधवा गजाला और पंजाब के मलेरकोटला से यामीन मोहम्मद को भी पैसे के बदले पाकिस्तानी एजेंटों के साथ जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोपियों ने वित्तीय लेन–देन और वीजा संबंधी गतिविधियों में पाकिस्तानी उच्चायोग के पूर्व कर्मचारी दानिश के साथ सहयोग किया।

## गैस टैंकर से गैस की चोरी करने वाले गिरोह का भांडाफोड़



महासमुंद (प्रतिदिन राजधानी)

महासमुंद जिले से होकर गुजरने वाली नेशनल हाईवे 53 में पारादीप से आने वाली सीएनजी टैंक से कुछ लोग रात के अंधेरे में गुप्त स्थान पर गैस टैंक से गैस की चोरी कर घरेलू सलेंडर में रिफिलिंग कर हिंदुस्तान पेट्रोलियम गैस कंपनी को क्षति पहुंचाने का काम करते थे, इस गैर कानूनी कारोबार में कई लोगों के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। मामले में पटेवा पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार कर मामले को जांच ने लिया है।

मामले में प्रतिभा पाण्डेय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महासमुंद ने बताया कि पारादीप से बड़े–बड़े ट्रेलरों में यह घरेलू गैस से भरी पटेवा थाना क्षेत्र के चिरको ग्राम के सुनसान इलाके में पहुंचती थी। जहां ट्रक का ड्राइवर और इस अवैध कारोबार को संचालित करने वाले रातों रात हजारों लीटर गैस टंकियों में ट्रांसफर कर देते थे। बहरहाल जिला पुलिस मामले में और जांच कर रही है।

# आमजन के दुख-दर्द दूर करने व जनसमस्याओं के निराकरण हेतु कटिबद्ध है प्रदेश सरकार -उद्योग मंत्री देवांगन

रायपुर प्रतिदिन राजधानी



उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि आमजनता विशेषकर समाज के अंतिम छोर तक खड़े व गरीब निर्धन व्यक्ति के दुख-दर्द को दूर करने एवं जनसमस्याओं के निराकरण के लिए प्रदेश सरकार पूर्ण रूप से कटिबद्ध है और समूचे प्रदेश में चलाया जा रहा सुशासन तिहार इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ में सुशासन स्थापित करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य कर रही है, इसी कड़ी में राज्य के ग्रामीण व शहरी सभी क्षेत्रों में एक साथ सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। यहाँ उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशों के अनुरूप सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य व कोरबा जिले के साथ-साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है, आयोजन के तीसरे चरण में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज नगर पालिक निगम कोरबा के पं.रविशंकर नगर जोन कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न विभागों निर्माण, जल प्रदाय, विद्युत, प्रधानमंत्री आवास योजना, सम्पत्तिकर, संपदा, अतिक्रमण, स्थापना, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, सहित जिले के विभिन्न विभागों यथा राजस्व विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, कौशल विकास योजना सहित अन्य विभागों के स्टाल लगाए गए थे, जिनके माध्यम से आमनागरिकों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न शिकायतों, समस्याओं व मांगों से संबंधित आवेदनों के निराकरण की जानकारी प्रदान की गई। उद्योग मंत्री देवांगन ने शिविर में पहुंचकर वहाँ पर स्थापित विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया तथा आमजन द्वारा प्रस्तुत मांग, शिकायत व समस्या संबंधी आवेदनों के विभागवार निराकरण की स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। मंत्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भीषण गर्मी में स्वयं इन शिविरों में पहुंच रहे हैं, साथ ही किसी भी गांव, बस्ती में जाकर पेड़ के नीचे बैठकर लोगों के दुख-दर्द व समस्याओं की जानकारी लेकर उसके त्वरित निराकरण के निर्देश दे रहे हैं। मुख्यमंत्री साय इस बात की लगातार समीक्षा कर रहे हैं कि सुशासन तिहार में प्रस्तुत की गई शिकायतों व समस्याओं का वास्तुविक रूप से गुणवत्तापूर्ण निराकरण हुआ है या नहीं। इस मौके पर उद्योग मंत्री देवांगन ने वार्ड क्र. 28 निवासी सोनी, वार्ड क्र. 30 निवासी वैशाली चौहान, इंदू देवी, शाहीन रजा, समा परबीन व वार्ड क्र. 30 आरती चौहान को राशन कार्ड प्रदान किए। समाधान शिविर में निगम के प्रभारी आयुक्त विनय मिश्रा ने सुशासन तिहार-2025 के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा प्राप्त मांग, शिकायत व समस्याओं के निराकरण के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की।

समाधान शिविर को संबोधित करते हुए महापौर मती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर सुशासन तिहार-2025 का सफल आयोजन किया जा रहा है, सुशासन तिहार का यह आयोजन सरकार की जनहितैषी सोच का परिणाम है, इसके माध्यम से एक ओर जहाँ प्रदेश की जनता की समस्याओं व शिकायतों का त्वरित निराकरण हो रहा है, वहीं दूसरी ओर विकास को सही गति व दिशा प्राप्त हो रही है, आमजनता की मांग एवं उनकी इच्छा के अनुरूप विकास कार्य किए जाने की दिशा में कार्यवाही की जा रही है। उन्होने कहा कि उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा के सभी 67 वार्डो का समान रूप से विकास किया जा रहा है, इसके परिणाम स्वरूप कोरबा के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से ले रहा प्रशासन

इस मौके पर निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुशासन तिहार में प्राप्त प्रत्येक मांग, शिकायत व समस्या को प्रशासन के अधिकारी पूरी गंभीरता से ले रहे हैं तथा उनका यथा संभव गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री साय ने किया मुंगेली में नवनिर्मित जिला परिवहन कार्यालय का लोकार्पण



रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मुंगेली जिले के पथरिया विकासखंड के ग्राम बछेरा में 1 करोड़ 72 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित जिला परिवहन कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से जिले में स्थायी परिवहन कार्यालय भवन की सुविधा का अभाव था, जिससे आम नागरिकों को लाइसेंस, वाहन पंजीयन और अन्य कार्यों में कठिनाई होती थी। अब नए भवन के साथ यह सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगी, जिससे जनता को काफी राहत मिलेगी। लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री ने पांच आवेदकों को प्रतीक स्वरूप लर्निंग लाइसेंस प्रदान किए, जिससे उनके चेहरे पर खुशी झलक उठी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता जनता को समयबद्ध और सुगम सेवाएँ उपलब्ध कराना है। नये कार्यालय भवन के माध्यम से वाहन पंजीयन, ड्राइविंग लाइसेंस सहित सभी प्रमुख सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी।

छह एकड़ भूमि में निर्मित इस परिसर में एक एकड़ में कार्यालय भवन तथा पाँच एकड़ क्षेत्र ड्राइविंग टेस्ट और फिटनेस टेस्टिंग सेंटर के लिए आरक्षित रखा गया है। भवन में 18 कक्ष, 6 हॉल, अटैच लेट-बाथ तथा सामान्य शौचालय जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। कार्यालय को पूर्णतः सुविधायुक्त रूप में डिजाइन किया गया है, जिससे विभागीय कार्यों की दक्षता भी बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021-22 से अब तक जिले में 11,721 ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जा चुके हैं और 49,000 से अधिक वाहनों का पंजीयन हो चुका है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि लोगों में परिवहन सेवाओं की बड़ी मांग है, जिसे यह नया कार्यालय सुगमता से पूरा करेगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में विकास को गति देने के साथ-साथ प्रशासनिक दक्षता और सेवा-सुलभता को बढ़ाना हमारी सरकार का सतत प्रयास है।

## रूद्री में बनेगा सुसज्जित मुक्तिधाम, हाईस्कूल में रंगमंच को भी मिली मंजूरी

### रूद्री समाधान शिविरः प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा हुए शामिल

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी



सुशासन तिहार के तहत आज महानदी के किनारे धमतरी विकासखण्ड के रूद्री गांव में समाधान शिविर में जिले के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। शिविर में उपस्थित लोगों को संबांधित करते हुए वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब बात करने वाली नहीं, काम करने वाली विष्णु देव सरकार है। पिछले 18 महीनों में राज्य में हुए विकास कार्यों की बदौलत गांव-गांव, शहर-शहर तेजी से बदल रहा है। विकास के कामों के लिए बजट की कोई कमी नहीं होगी। राजस्व मंत्री ने रूद्री में महानदी घाट के किनारे सुसज्जित मुक्तिधाम बनाने के लिए 10 लाख रूपये और रूद्री के हाईस्कूल में रंगमंच बनाने के लिए 5 लाख रूपये की मंजूरी समाधान शिविर में ही दी। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय जो वादे जनता से किए थे, उन सभी वादों को सरकार ने योजनाएं लागू कर पूरा किया है। अब सरकार उनकी हकीकत जानने, समस्यायें व मांग सुनने लोगों के बीच पहुंच रही है। लोगों की समस्याएं सुलझाने सुशासन तिहार सरकार की संवेदनशील पहल है और इसके जरिए अब शिविरों के माध्यम से आप सभी को सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। मंत्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार ने मोदी की सभी गारंटियों को धरातल पर साकार किया है। प्रदेश के सभी लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। महतारी वंदन योजना से लेकर तेन्दूपत्ता संग्राहकों तक सभी लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार अब खेतीहर मजदूरों को भी 10 हजार रूपये सालाना आर्थिक सहायता देने की योजना शुरू कर रही है। राजस्व प्रकरणों को तेजी से निपटाने के लिए कई सुधार किए जा रहे हैं। राजस्व त्रुटि सुधार के लिए एसडीएम की जगह तहसीलदार को अधिकार दे दिए गए हैं। अब जमीन के रजिस्ट्री के साथ ही स्वतः ही नामांतरण भी हो जाएगा। इससे लोगों को दफ्तरों के चक्कर काटने नहीं पड़ेंगे, साथ ही समय और पैसे की बचत होगी।

**रूद्री क्लस्टर में मिले आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण**

रूद्री क्लस्टर में शामिल 9 ग्राम पंचायतों से सुशासन तिहार के दौरान मिले कुल 5 हजार 359 आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण प्रशासन द्वारा कर दिया गया है। इसकी जानकारी आज शिविर में उपस्थित लोगों को दी गई। इनमें से से 5 हजार 235 आवेदन मांग और 124 आवेदन शिकायत से संबंधित थे। रूद्री में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम पंचायत श्यामतराई, बेन्द्रानवागांव, भटगांव, सोरम, बोरिदखुर्द, रूद्री, गंगरेल, कसावाही और तुमराबहार गांव के लोग मौजूद रहे।

## बम्हनी समाधान शिविर में शामिल हुए वन मंत्री केदार कश्यप

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी



वन मंत्री केदार कश्यप आज कोंडागांव जिले के ग्राम बम्हनी में सुशासन तिहार के तीसरे चरण में आयोजित समाधान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर मती नुपूर राशि पन्ना सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। वन मंत्री कश्यप ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में अधिकारियों से सुशासन तिहार में प्राप्त मांगों और शिकायतों के निराकरण की जानकारी ली और संवेदनशीलता के साथ निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। ग्राम बम्हनी में आयोजित समाधान शिविर में क्लस्टर अनुसार 20 गांवों बम्हनी, सम्बलपुर, कारसिंग, कुसमा, कचोरा, इसलनार, चमई, हंगवा, तोतर, गोलावण्ड, बोरगांव, झारा, मयूरडोंगर, पोलग, खण्डाम, बेतबेड़ा, खचगांव, सोनाबाल, मड़ानार और नगरी गांव के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपनी मांगे और समस्याएं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कई आवेदनों का त्वरित निराकरण के साथ शेष आवेदनों पर निराकरण आवश्यक कार्यवाही पूरी करने के बाद की समय सीमा में की जाएगी। सुशासन तिहार में बम्हनी क्लस्टर अंतर्गत कुल 20 गांवों से कुल 02 हजार 891 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से अब तक 02 हजार 832 का निराकरण हो चुका है। इसमें सबसे ज्यादा आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 1,594 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 1570 आवेदन निराकृत किया गया है।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए तीन चरणों में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित मंत्रीगण विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुन रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की सर्वाधिक प्राथमिकता का कार्य राज्य के सभी जरूरतमंदों को आवास उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य के दूरस्थ अंचलों तक विकास के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार निरंतर प्रयासरत है। बस्तर के सुदूर क्षेत्रों में सड़क मार्ग, आवागमन सुविधा के साथ दूरसंचार सेवा के विस्तार के लिए कार्य किया जा रहा है। वन मंत्री कश्यप ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से किसानों के कल्याण के साथ, आयुष्मान कार्ड योजना से 05 लाख तक मुफ्त इलाज और महतारी वंदन योजना से महिलाएं सशक्त हो रही हैं, तेंदूपत्ता संग्रहणकर्ताओं को वाजिब दाम मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में प्राप्त मांगों और शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण शासन की प्राथमिकता है। सभी विभाग के अधिकारी प्राप्त आवेदनों का निराकरण के लिए गंभीरता से कार्य करें।

## एनजीओ बेटर भारत एवं 'माँ' संस्था द्वारा प्रियदर्शिनी नगर स्थित स्पार्क फिटनेस जिम में रक्तदान शिविर का आयोजन

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी





आज प्रियदर्शिनी नगर, रायपुर स्थित स्पार्क फिटनेस जिम में एनजीओ बेटर भारत एवं 'माँ' संस्था द्वारा संयुक्त रूप से एक दिवसीय रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं जिम के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 34 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो ज़रूरतमंद मरीजों की सहायता हेतु शहर के प्रमुख ब्लड बैंकों को प्रदान किया जाएगा। एनजीओ बेटर भारत एक भरोसेमंद राष्ट्रीय स्तर की संस्था है, जो स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत है। बेटर भारत का उद्देश्य हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। वहीं, एनजीओ 'माँ' एक समर्पित संस्था है, जो बेसहारा और घायल सड़क पशुओं के संरक्षण और कल्याण हेतु कार्यरत है। इसके साथ ही, 'माँ' संस्था पालतू जानवरों के निधन पर उनके पूरे विधि-विधान और सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की सुविधा भी प्रदान करती है। इस शिविर का उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और आपातकालीन समय में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। आयोजन के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और अल्पाहार प्रदान किया गया। बेटर भारत और 'माँ' संस्था ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं मानवीय प्रयासों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया और सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री के कड़े तेवर - लापरवाह अधिकारियों पर गिरी गाज

रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी



सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए दो बड़े निर्णय लिए। मुख्यमंत्री ने मुंगेली जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता आर.के. मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि मनियारी जलाशय और पथरिया जलाशय जैसी महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाएं वर्षों से अधूरी पड़ी हैं, जो लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण हैं। मुख्यमंत्री साय ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार शास्त्री को पद से हटाने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में जिले का अत्यंत खराब प्रदर्शन जिले में शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामी को दर्शाता है और ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री साय के इस तीखे रुख से स्पष्ट है कि सरकारी कार्यों में शिथिलता और जवाबदेही से बचने का युग समाप्त हो चुका है।

## औषधियों की निर्धारित कीमतों पर निगरानी सख्त, 331 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी



आमजन को आवश्यक औषधियाँ निर्धारित कीमतों पर उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अधीन कार्यरत राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) द्वारा छत्तीसगढ़ में मूल्य निगरानी एवं संसाधन इकाई (सीजीपीएमआरयू) की स्थापना 24 मार्च 2021 को की गई।यह इकाई ड्रग प्राइस कंट्रोल ऑर्डर (डीपीसीओ) के प्रावधानों के अंतर्गत कार्य करते हुए प्रदेश में अधिसूचित औषधियों की कीमतों पर सतत निगरानी रख रही है। सीजीपीएमआरयू, एनपीपीए की प्रमुख सहयोगी संस्था के रूप में राज्य के विभिन्न औषधि प्रतिष्ठानों से जमीनी स्तर पर जानकारी एकत्र कर नियामक अनुपालन सुनिश्चित कर रही है।

सीजीपीएमआरयू के नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया, वित्तीय वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में कुल 331 औषधि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इनमें से 21 प्रतिष्ठानों में अधिसूचित मूल्य का उल्लंघन पाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि इन सभी मामलों को आवश्यक विधिक कार्रवाई हेतु नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी, नई दिल्ली के आईपीडीएमएस पोर्टल पर दर्ज कर लिया गया है। संबंधित संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि दवाओं की कीमतों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और आम उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से एनपीपीए देशभर में राज्य स्तरीय निगरानी इकाइयों के माध्यम से सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

## मनुस्मृति में बिना भेदभाव के सबका धर्म बताया गया है - स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द

### अम्बेडकरवादी बाबा साहेब के उद्देश्यों को पूरा करने हेतु आगे आएं

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी



'परमाराध्य' परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती '1008' ने गंगा के तट पर स्थित श्रीविद्यामठ में मनुस्मृति पर व्याख्यान करते हुए बताया कि लोग कहते है कि बाबा साहेब अंबेडकर ने मनुस्मृति को जलाया, लेकिन हम स्पष्ट कर दें कि उन्होंने मनुस्मृति को नहीं जलाया, वो तो संविधान जलाना चाहते थे। शंकराचार्य जी ने आगे स्पष्ट करते हुए बताया कि बाबा साहेब ने मनुस्मृति को नहीं जलाया। वह एक ब्राह्मण गंगाधर सहस्त्रबुद्धे ने जलाई थी, लेकिन उस वक्त वो भी वहाँ मौजूद थे इसलिए उनका नाम आ गया। शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंद महाराज जी ने बताया कि अम्बेडकर संविधान जलाना चाहते थे। जब उनसे पूछा गया कि संविधान बनाने में तो आपकी विशेष भूमिका रही है फिर आप उसे क्यों जलाना चाहते हैं तो इस पर उन्होंने जवाब दिया कि मैंने एक मन्दिर बनाया लेकिन उसमें यदि शैतान आकर रहने लगे तो फिर मुझे क्या करना चाहिए? बाबा साहब बाद में खुद संविधान से सन्तुष्ट नहीं थे। मनुस्मृति में तो बिना भेदभाव के सबका धर्म बताया गया है। सनातन ही एकमात्र धर्म है जिसमें यदि बेटा भी कुछ गलत करता है तो उसे भी वही सजा दी जाती है जो किसी अन्य को दी जाती। शंकराचार्य जी ने कहा कि अम्बेडकरवादी लोगों को बाबा साहेब के उद्देश्यों को पूरा करने को आगे आना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हर धर्म का एक ग्रन्थ होता है। जैसे इसाईयों का धर्मग्रन्थ बाइबिल है, मुसलमानों का कुरान है, इसी प्रकार हमारा भी एक ग्रन्थ वेद है, लेकिन वेद को यदि पढ़ा जाए तो 4524 पुस्तकें मिलाकर 4 वेद बनते हैं और इन्हें समझने के लिए वेदांग की आवश्यकता होती है। और ज्यादा भी नहीं एक वेदांग की यदि 500 भी पुस्तकें मानी जाए तो करीब 3000 पुस्तकें वेदांग की हो गई। इस तरीके से कुल मिलाकर 7524 पुस्तकें हो गईं। यदि वेद को भी पढ़ा जाए तो पूरा जीवन भी कम पड़ जाता है। इसलिए इसका सार जानने की आवश्यकता होती है और वेदों का जो सार है उसी को मनुस्मृति कहा जाता है। शंकराचार्य महाराज ने कहा कि बुद्ध ब्राह्मण कुल में पैदा हुए फिर भी हम उनको पूजते नहीं हैं। राम व कृष्ण को क्षत्रिय कुल में पैदा होने के बाद भी हम पूजते हैं। यदि धर्म का पालन करते वक्त मौत भी आ जाए तो भी उसमें हमारा कल्याण है।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन 29 मई से

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी



भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन 29 मई से 12 जून 2025 तक राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है। इस संबंध में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आज नई दिल्ली से राष्ट्रीय स्तर पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग आयोजित की गई। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में छत्तीसगढ़ प्रदेश से राज्य के कृषि मंत्री राम विचार नेताम शामिल हुए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के "लैब टू लैंड" मंत्र को साकार करने के दिशा में एक बढ़ा कदम है, जो एक देश, एक कृषि, एक टीम की अवधारणा को मजबूती देगा। यह अभियान भारतीय कृषि अनुशंधान संस्थान (ष्बात), कृषि विज्ञान केन्द्र कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी, प्रगतिशील कृषक, एफपीओ आदि के सहयोग से ग्राम पंचायत स्तर पर कार्य को संपादित करेंगा। इसका उद्देश्य आधुनिक, उन्नत, आदर्श और प्राकृतिक खेती को बढावा देना तथा किसानों को वैज्ञानिक जानकारी और सहकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है। साथ ही किसानों द्वारा दिये गये सुझाव पर अमल करते हुए वैज्ञानिकों द्वारा इसे शोध में शामिल कर नवीन दिशा निर्धारित करना है। वैज्ञानिकों की टीम एग्रोक्लायमेटिक जोन, को ध्यान रखते हुए खरीफ मौसम की प्रमुख फसलों से संबधित आधुनिक तकनिकों के बारे में किसानों को जागरूक करेगी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार संतुलित उर्वरक उपयोग की सलाह देगी, ड्रोन तकनीक, धान की सीधी बुआई जैसी तकनीको का प्रदर्शन किया जावेगा। छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री नेताम ने केन्द्र सरकार के अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त 33 जिलों में चलाया जाएगा। जिसमें कुल 99 दल द्वारा 2,772 स्थान पर कार्यक्रम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर अभियान के सफलतापूर्वक संपादन के लिए जिला उप संचालक कृषि को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नेताम ने बताया कि राज्य स्तर पर संचालनालय कृषि में एवं जिला स्तर पर उप संचालक कृषि कार्यालय में इस अभियान के निगरानी एवं पर्यवेक्षण हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना की जा रही है। जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं कृषि विभाग से संबंध विभाग के समन्वय से कार्य करेंगे। जिलों के प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि सहित राज्य और जिला के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहेंगे।

प्रतिदिन राजधानी
मंगलवार 20, मई 2025

## सम्पादकीय

### रक्षा मोर्चे पर आत्मनिर्भरता का उद्घोष, इनोवेशन से ही बनेगी बात

आधुनिक रणभूमि के समीकरण पूरी तरह बदल गए हैं। अब सैनिकों की संख्या अधिक मायने नहीं रह गए हैं। आज जो देश अपनी रक्षा तकनीक विकसित नहीं करेगा, वह दूसरों पर निर्भर होकर रह जाएगा। आधुनिक दौर की जंग केवल सैन्यकर्मियों की संख्या से नहीं, बल्कि नवाचार के आधार पर ही जीती जा सकती है और ऐसा नवाचार निश्चित रूप से अपने दम पर यानी स्वदेशी एवं संप्रभु प्रकृति का होना चाहिए। दुश्मन में केवल आपके हथियारों के जखीरे का ही डर न हो, बल्कि उन्हें उपयोग करने की आपकी दृढ़ता से वह भयाक्रांत हो। अगर कोई देश ऐसी सैन्य सामग्री के आयात पर निर्भर हो, जो तत्काल उपलब्ध न हो या रक्षा अनुबंध गुपचुप शर्तों से बंधे हों तो सामरिक क्षमताएं सदैव संदेह के दायरे में रहेंगी। कोई भी देश तब तक संप्रभुता का दावा नहीं कर सकता, जब तक कि वह अपनी रक्षा के लिए आवश्यक रक्षा सामग्री के निर्माण, रखरखाव और उसके समयानुकूल उन्नयन में सक्षम नहीं हो पाता। निवारक शक्ति केवल क्षमताएं हासिल करने से नहीं, बल्कि उन क्षमताओं के विश्वसनीय उपयोग से अर्जित होती है। भारत इन सभी पहलुओं को भलीभांति समझता है और आपरेशन सिंदूर को इसकी उद्घोषणा कहा जा सकता है। आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान पर की गई सैन्य कार्रवाई सटीकता, संयम और जबरदस्त तकनीकी प्रभुत्व से ओतप्रोत रही। पूरा विश्व केवल इसके अप्रत्याशित परिणाम से हैरान ही नहीं, बल्कि हमारी स्वदेशी तकनीकी क्षमताओं का लोहा मान रहा है। यह अभियान भारतीय विज्ञानियों की तकनीक और भारतीय उपग्रहों के जरिये संचालित किया गया। पाकिस्तान ने जब भारत की उत्तरी एवं पश्चिमी सीमा पर ड्रोन की बौछार शुरू की तो डीआरडीओ द्वारा विकसित सरफेस टू एयर मिसाइल सिस्टम आकाश ने उन्हें अचूक निशाने से नष्ट कर दिया। संवेदनशील इलाकों को हवाई हमलों से बचाने के लक्ष्य से विकसित आकाश सिस्टम एक साथ कई लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम है। पेचोरा और ओएसए-एके जैसे पुराने सिस्टम ने बाहरी दायरे को सुरक्षित रखा, जबकि आकाश ने एक अभेद्य कवच की भूमिका निभाई। आकाशतीर ने भी एक नई नजीर पेश की। बड़ी खामोशी के साथ विकसित आकाशतीर के लिए आपरेशन सिंदूर अपनी क्षमताएं दिखाने का अवसर बना। इसने दर्शाया कि यह एक ऐसी रक्षा प्रणाली है, जो युद्ध के परिणाम बदलने की क्षमता रखती है। यह पूर्ण रूप से स्वदेशी अद्भुत रक्षा तकनीक है। यह तेजी से अपना लक्ष्य चिह्नित करते हुए तत्काल कार्रवाई करता है। जहां पाकिस्तान चीन में बने एचक्यू-9 और एचक्यू-16 जैसी प्रणालियों के भरोसे रहा, जो भारतीय हमले के आगे बिखर गईं, वहीं आकाशतीर ऐसी ढाल बना जिसने प्रत्येक पाकिस्तानी प्रोजेक्टाइल को नष्ट करके दिखाया। यह आत्मनिर्भरता की अद्भुत अभिव्यक्ति है। अभेद्य रक्षा पंक्ति के साथ भारत की मारक क्षमताएं भी पाकिस्तान की कमर तोड़ने वाली रहीं। देश में असेंबल हुए कामिकाजे ड्रोन अपने लक्ष्य की निशानदेही के साथ उसके इर्दगिर्द मंडराने में सक्षम हैं, जो मिसाइल हमलों के लिए आधार तैयार करते हैं। यह दर्शाता है कि भारतीय इंजीनियर रक्षाकर्मियों की जान जोखिम में डाले बिना घातक क्षमताओं वाली सामग्री तैयार कर सकते हैं। इस अभियान में सक्रिय सभी पायलटों का सुरक्षित लौट आना इसका प्रमाण है। पाकिस्तान के मानमर्दन का यह पूरा अभियान महज 23 मिनट में अंजाम दिया गया।

# एक ब्रह्म दूसरा कुछ भी नहीं

संसार अस्तित्व का अंग है और अंत:करण से समझा जाता है। अंत:करण भौतिक होता है। इसमें आकाश, वायु, अग्नि, जल, और पृथ्वी पांचो भूत हैं। अंत:करण निद्राकाल छोड़कर हमेशा चंचल रहता है। यह समस्त इंद्रियों के प्रपंचों का स्थान है और इंद्रियों की सीमा से भिन्न है। अंत:करण ही सांसारिक विषयों के संपर्क में रहता है। यह वाह्य इंद्रियों से प्राप्त विषयों को ग्रहण करता है। उन्हें व्यवस्थित करता है। अंत:करण में विषयों के संपर्क से आकृतियां बनती हैं। अंत:करण की चार आकृतियां मानी जाती हैं-अनिश्चय, निश्चय, आत्मचेतन और स्मरण। जब अंत:करण संशय की स्थिति में होता है तब इसे 'मन' कहते हैं। जब यह निश्चय की स्थिति में होता है तब इसे बुद्धि कहते हैं। आत्मचेतन की स्थिति में इसे अहंकार कहते हैं। स्मरण की स्थिति में इसे चित्त कहते हैं। जीव का साक्षी तत्व चैतन्य है। वह तटस्थदृष्टा है। इसमें दिखाई पड़ने वाली सक्रियता आभास है। सक्रियता अंत:करण का स्वभाव है। साक्षी अंत:करण की वृत्ति का निष्क्रिय दर्शक है। यह भौतिक तत्व नहीं है। जीव भौतिक और अभौतिक तत्वों का योग है। जीव ज्ञाता है और ज्ञेय भी है। अद्वैत वेदांत का ब्रह्म सिद्धांत रोचक है। रस्सी को सांप समझकर डरना तब तक भ्रम है जब तक वास्तविकता का पता नहीं चलता। शंकराचार्य ने कहा कि, ''भ्रम में भी कोई बाह्य अर्थ जरूर होता है। वह ज्ञान और ब्रह्म की विषय वस्तु को भिन्न मानता है। वास्तविक वस्तु का ज्ञान भी निर्णायक नहीं है। असली बात समय से जुड़ी हुई है।''

**हृदयनारायण दीक्षित**

शंकराचार्य के आलोक में देखें तो किसी वस्तु के सम्बंध में भ्रम और वास्तविक ज्ञान के बीच में समय का अंतर है। दोनों अनित्य हैं। अल्पकालिक हैं।

प्रत्यक्ष के लिए प्रमाण की जरूरत नहीं होती। अद्वैतवाद की प्रमाण मीमांसा व्यवहारिक जीवन के लिए है। आत्मा या ब्रह्म प्रमाणों का विषय नहीं है। शंकराचार्य ने कहा है, ''प्रत्यक्ष सहित सभी प्रमाण और सभी शास्त्र अविद्या में हैं। शास्त्र तथा अन्य प्रमाणों का उपयोग अविद्या का आवरण हटाने के लिए है। कोई भी साक्ष्य या प्रमाण भावनात्मक रूप में ब्रह्म का बोध नहीं करा सकते। सत्य पर अविद्या का आवरण है। वही आवरण हटता है। ब्रह्म अपने आप प्रकट हो जाता है।'' शंकराचार्य के अनुसार ज्ञान हमेशा ज्ञाता और उसके बाहर की ओर दिखाई पड़ता है। बाह्य अर्थ का निषेध करते ही ज्ञान असंभव हो जाता है। ब्रह्म के समय प्राप्त ज्ञान विशेष प्रकार का होता है और व्यक्तिगत होता है। लेकिन वास्तविक ज्ञान सार्वभौम होता है। ब्रह्म की संपूर्ण विषयवस्तु अनुभव प्राप्त होने तक रहती है। अस्थाई होती है। ज्ञान की विषयवस्तु स्थाई होती है। शंकराचार्य व्यवहारिक वस्तुओं की सत्ता को स्वीकार करते हैं। उनकी दृष्टि में प्रतीति का अर्थ अस्तित्ववान होना है। शंकराचार्य के अनुसार ब्रह्म एकमात्र सत्य है। उसकी व्याख्या नहीं हो सकती। उसका कोई गुण नहीं। इसलिए कोई लक्षण नहीं। इसलिए उसे विचार का विषय नहीं बनाया जा सकता। विचार करने के लिए आवश्यक है कि विचारणीय विषयवस्तु का कोई गुण होना चाहिए। कोई लक्षण होना चाहिए। कठिनाई बड़ी है। ब्रह्म का विवेचन करें तो कैसे करें? इसलिए ब्रह्म का विवेचन निषेध पद्धति से ही संभव है। कुछ कुछ यही बात पश्चिमी दार्शनिक स्पिनओजा ने ईश्वर के सम्बंध में कही हैं, ''ईश्वर का वर्णन निषेधात्मक होता है। जैसे आत्मा के बारे में गीता में कहते हैं कि उसे आग जला नहीं सकती, शस्त्र उसे मार नहीं सकते, जल उसे भिगो नहीं सकता, हवाएं उसे सुखा नहीं सकती। वैसे ही भारतीय दर्शन का ब्रह्म है।''

ब्रह्म यहां निस्संदेह अनिर्वचनीय हैं, लेकिन वह अज्ञेय नहीं है। ब्रह्म का ज्ञानी ब्रह्म हो जाता है। उपनिषदों की घोषणा है 'अहम ब्रह्मास्मि'। रामानुज और शंकराचार्य के अद्वैतवाद में थोड़ा अंतर है। शंकराचार्य के अनुसार ब्रह्म पारमार्थिक दृष्टि से निर्गुण है। व्यवहारिक प्रयोजनों की दृष्टि से सगुण है। रामानुज के अनुसार ब्रह्म केवल सगुण है और सविशेष है। शंकराचार्य का ब्रह्म व्यक्तित्व रहित है और अमूर्त है, लेकिन रामानुज का ब्रह्म एक व्यक्तित्व है और मूर्त है। महत्वपूर्ण बात यह है कि शंकराचार्य का ब्रह्म और ईश्वर एक नहीं है। वह ब्रह्म को सत मानते हैं और ईश्वर को ब्रह्म का स्वरूप, लेकिन रामानुज ब्रह्म और ईश्वर को एक ही मानते हैं। एक समय ब्रह्म और ईश्वर को लेकर काफी भेद की बातें चली थी। जीव को ईश्वर का अंश कहा जाता है। रामचरितमानस में कहते हैं, ''ईश्वर अंश जीव अविनाशी'', लेकिन शंकराचार्य के अनुसार जीव का अंशत्व वास्तविक नहीं है। यह अविद्या जनित प्रतीति है। भारतीय चिंतन में ब्रह्म की व्यापक चर्चा है। यहां ब्रह्म को परमार्थिक अभौतिक जानकर निरस्त नहीं किया गया। अनेक तत्ववेत्ता, अनेक विवेचक, अनेक मत। महाभारत के यक्ष प्रश्नों के उत्तर में युधिष्ठिर यही कहते हैं। ऋग्वेद में एक देवता हैं अदिति। ऋषि प्रार्थना करते हैं, ''अदिति धरती हैं। अदिति आकाश हैं। अदिति अंतरिक्ष और परम व्योम हैं। अदिति हमारे माता-पिता हैं। अदिति हमारे पुत्र और पुत्री हैं। यहां सब कुछ अदिति ही हैं। जो अब तक हो चुका है और जो आगे होने वाला है, वह सब अदिति ही हैं।'' यहां समय का अतिक्रमण हुआ है। अदिति के नाम को लेकर भ्रम न पैदा हो, संभवत: इसीलिए ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में कहते हैं, ''पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भव्यम्''-जो अब तक हो चुका है, जो आगे होने वाला है, वह सब पुरुष ही है। छान्दोग्य उपनिषद में नारद को सनत् कुमार ने बताया था, ''यह सब भूमा ही है। भूमा यहां संपूर्णता का पर्याय है।'' ऋषि नारद से कहते हैं, ''जहां संपूर्णता है, वहीं सुख है। जहां अल्पता है, वहीं दुख है।'' उत्तर वैदिक काल के ऋषियों के चित्त में बार बार गूंजने वाला ब्रह्म यही है। इसीलिए उपनिषदों की ही परंपरा में गीता में कहते हैं, ''ब्रह्म हमारे सामने हैं। ब्रह्म हमारे पीछे हैं। ब्रह्म हमारे दाएं हैं। ब्रह्म हमारे बाएं हैं। जो देखने वाला है, वह ब्रह्म है। जो कुछ दिखाई पड़ रहा है, वह भी ब्रह्म है। यत्र तत्र सर्वत्र ब्रह्म की ही उपस्थिति है।'' ब्रह्मसूत्र में बादरायण ने भूमा के लिए कहा है, ''भूमा वही है। वही माने ब्रह्म।'' फिर कहा है, ''पुरुष भी वही है।'' आचार्य शंकर की यह बात ठीक है कि केवल ब्रह्म सत्य है

और यहां जो भी दिखाई पड़ने वाला तत्व है, वह व्यर्थ है। इस व्यर्थ में सारे प्रत्यक्ष देवता, देवताओं से सम्बंधित ज्ञान भी सम्मिलित है। वेद और पुराण भी अविद्या हैं। ज्ञान महत्वपूर्ण है, लेकिन ज्ञान में भी हमेशा दो तत्व दिखाई पड़ते हैं। एक ज्ञाता और ज्ञेय। ज्ञान का इच्छुक व्यक्ति संसार देखता है। जब तक संसार सत्य है, तब तक ब्रह्म की अनुभूति नहीं होती। संसार गया, अविद्या हटी। ज्ञाता और ज्ञेय दोनों समाप्त हो गए। जिज्ञासु की जिज्ञासा भी गई। तब केवल ब्रह्म रह जाता है। अद्वैत वेदांत ने सबको एक बताया। एको ब्रह्म द्वितीयो नास्ति-ब्रह्म एक, दूसरा कोई नहीं। अंग्रेजी में इसे 'टोटैलिटी' कह सकते हैं। वैज्ञानिक इसे 'कासमोस' कहते हैं और साधारण काव्य दृष्टि में 'यूनिवर्स'।

# अमेरिकी वरदान से भस्मासुर बना पाकिस्तान



लगभग 60 साल पहले 1965 की लड़ाई हार जान के बाद पाकिस्तान के विदेशमंत्री ज़ुल्फ़िक़ार अली भुट्टो ने कहा था, 'यदि भारत ने परमाणु बम बनाया तो हम हजार बरस तक घास और पत्ते खाकर जी लेंगे, भूखे रह लेंगे, पर अपना बम बनाकर दम लेंगे।' इसकी पृष्ठभूमि यह थी कि अमेरिकी राष्ट्रपति आजनहावर की एटम फार पीस योजना के तहत पाकिस्तान को 1960 में कराची का परमाणु बिजली घर और 1965 में रावलपिंडी का शोध रिएक्टर मिला था। इसी योजना के तहत भारत को कनाडा से साइरस परमाणु रिएक्टर मिला था, जिसका ईंधन अमेरिका सप्लाई करता था। दो लड़ाइयां हार चुके पाकिस्तान को यह डर सताने लगा था कि यदि भारत ने पहले परमाणु बम बना लिया तो फिर उसका क्या होगा? अमेरिका के साथ-साथ पाकिस्तान भी चीन से रिश्ते बढ़ा रहा था। मार्च 1963 की चीन-पाकिस्तान संधि के तहत वह कराकोरम कश्मीर की लगभग 5,000 वर्ग किमी की पट्टी उसे भेंट कर चुका था।

चीन ने अक्टूबर 1964 में जम्मू-कश्मीर की सीमा से लगते सिजियांग में अपना पहला परमाणु परीक्षण किया। सुरक्षा की इस दोतरफ़ा चुनौती को देखते हुए भारत को अपने परमाणु निरस्त्रीकरण के सिद्धांत के बावजूद परमाणु शक्ति का विकास करना पड़ा, जिसकी परिणति 1974 पोखरण परीक्षण में हुई। पोखरण के बाद पाकिस्तान और भी मुस्तैदी से चीन की मदद और यूरोप से तकनीक की चोरी करते हुए परमाणु शक्ति के विकास में जुट गया। परमाणु अप्रसार की वकालत करने वाला अमेरिका जानता था कि कम्युनिस्ट तानाशाही वाला चीन पाकिस्तान को परमाणु तकनीक दे रहा है, जो एक अवैध काम है और जिसकी वजह से पूरे दक्षिण एवं पश्चिम एशिया में तनाव फैल सकता है, फिर भी उसने यह सब अनदेखा किया, क्योंकि वह चीन से रिश्ते गांठने में लगा था, ताकि उसे सोवियत खेमे से निकाल सके। इसी बीच ईरान में इस्लामी क्रांति हो गई और अफ़ग़ानिस्तान पर सोवियत संघ का कब्ज़ा हो गया। जिया उल हक के पाकिस्तान को अमेरिका की ओर से मनमानी करने की छूट मिल गई। पाकिस्तान ने न केवल अपने परमाणु बम बनाए, बल्कि उनकी तकनीक ईरान और उत्तरी कोरिया को भी बेची। अमेरिका ने भारत के लिए पाकिस्तान और अपने लिए ईरान और उत्तरी कोरिया के रूप में दो भस्मासुर खड़े कर लिए। अफ़ग़ानिस्तान से सोवियत संघ को खदेड़ने के लिए अमेरिका ने पाकिस्तान को हथियार दिए और सऊदी अरब से पैसा दिलाया, जिसका प्रयोग उसने इस्लामी जिहाद करने वाले मुजाहिदीन दस्ते बनाने के साथ पंजाब में खालिस्तानी आतंक को हवा देने में किया। जिहादी जंग में सोवियत संघ की हार से उत्साहित पाकिस्तानी खुफ़िया एजेंसियों और सेना ने वही नुस्खा जम्मू-कश्मीर में हिजबुल, लश्कर और जैश जैसे जिहादी आतंकी भेजकर आज़माया, जो आज तक जारी है। इसमें अमेरिका का कोई भला नहीं हुआ। उसने जिस अफ़ग़ानिस्तान में जिहादी जंग करा कर सोवियत संघ को खदेड़ा, अलक़ायदा ने वहीं अड्डा बनाया और अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेंड सेंटर पर 2001 में आतंकी हमला किया। हमला करने वाले आतंकियों में पाकिस्तान का तो कोई नहीं था, परंतु उसकी योजना बनाने वाला खालिद शेख पाकिस्तानी था, जिसे सेना मुख्यालय के पास रावलपिंडी से पकड़ा गया। अलकायदा सरगना ओसामा बिन लादेन को भी रावलपिंडी के पास एबटाबाद के एक घर में मारा गया। रावलपिंडी पाकिस्तानी सेना का मुख्यालय होने के साथ-साथ परमाणु नियंत्रण केंद्र भी है। लादेन और खालिद शेख जैसे कुख्यात आतंकियों के उसी क्षेत्र में पाए जाने के कारण इसकी चिंता होना स्वाभाविक है कि पाकिस्तान के परमाणु बम इस्लामी जिहादियों के हाथों में भी जा सकते हैं। परमाणु अस्त्रों का प्रयोग करने की पहल न करने की भारत की नीति के उलट पाकिस्तान की नीति अस्तित्व का संकट आने पर परमाणु अस्त्रों के प्रयोग की पहल करने की है। इसी कारण वह बार-बार उनके प्रयोग की धमकी देता है।

# विदेश व्यापार में नया मोड़, भारत-ब्रिटेन समझौते से बढ़ेंगे कारोबार के मौके

भारत और ब्रिटेन के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफ्टीए) पर हाल में सहमति बन गई। आगामी तीन माह में दोनों देश इस एफ्टीए पर हस्ताक्षर करेंगे। यह समझौता दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत और छठी बड़ी अर्थव्यवस्था ब्रिटेन के बीच व्यापार के लिए नए मापदंड स्थापित करेगा। इससे भारत और ब्रिटेन के बीच वर्ष 2030 तक व्यापार दोगुना कर 120 अरब डालर पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे दोनों अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार, निवेश, विकास, रोजगार सृजन और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। इस एफ्टीए से ब्रिटेन के बाजार में भारत को लगभग 99 प्रतिशत उत्पादों पर शून्य टैरिफका लाभ मिलेगा। इससे भारतीय वस्तुओं के लिए ब्रिटेन के बाजार में पहुंच सुगम होने के साथ अन्य देशों के उत्पादों के मुकाबले प्रतिस्पर्धा में मदद मिलेगी। खासतौर से एनिमल प्रोडक्ट, खाद्य तेल, कपड़ा, जूते, समुद्री उत्पाद, चमड़ा, खिलौने, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग सामान, वाहन कलपुर्जा और इंजन तथा कार्बनिक रसायन जैसे क्षेत्रों को लाभ होगा। इससे भारतीय किसानों, मछुआरों, श्रमिकों, एमएसएमई, स्टार्टअप और इनोवेटर्स को बड़ा लाभ होगा। भारत में करीब 90 प्रतिशत उत्पादों पर शुल्क में कमी के प्रविधान ब्रिटेन को भी लाभान्वित करेंगे। ब्रिटेन के लिए भारत में व्हिस्की, कार एवं अन्य उत्पाद निर्यात करना आसान हो जाएंगे। एफ्टीए के साथ ही दोनों देशों ने दोहरे अंशदान समझौते या सामाजिक सुरक्षा समझौते पर भी मुहर लगाई है। इससे ब्रिटेन में काम करने वाले भारतीय कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा भुगतान से तीन साल की छूट मिलेगी। इस करार से ब्रिटेन में न केवल कुशल, पेशेवर श्रमिकों के हितों की रक्षा होगी, बल्कि भारतीय सेवा प्रदाताओं को बहुआयामी वित्तीय लाभ भी होंगे। वास्तव में अमेरिका द्वारा लागू की जा रही संरक्षणवादी व्यापार नीतियों के कारण वैश्विक व्यापार में उथल-पुथल को देखते हुए भारत-ब्रिटेन ने मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में तत्परता दिखाई है। यह एफ्टीए भारत के साथ ब्रिटेन की रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के ब्रिटेन के महत्वाकांक्षी एजेंडे का हिस्सा भी है। इस एजेंडे के तहत ब्रिटेन भारत को विश्व के बड़े देशों के बीच अहम स्थान प्रदान करता है। ब्रिटेन ने अपने उत्पादों खासतौर से खान-पान के सामान से लेकर पेय पदार्थों के लिए भारत की उपभोक्ता प्रधान अर्थव्यवस्था तक सुगम पहुंच सुनिश्चित की है। इससे ब्रिटिश एवं भारतीय कारोबारियों को तकनीक और ग्रीनटेक में भी साथ मिलकर काम करने का मौका मिलेगा। इस समझौते से प्रेरित होकर अब अमेरिका और यूरोपीय यूनियन भी भारत के साथ अपने व्यापार समझौतों को इस साल के अंत तक पूर्ण कर सकते हैं। इस समय भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय कारोबार समझौते (बीटीए) के लिए वार्ता हो रही है।

# जीईएम - सार्वजनिक खरीद को आकर्षक बनाने का सार्थक प्रयास

**पीयूष गोयल**

सार्वजनिक खरीद के लिए पारदर्शी, समावेशी एवं कुशल मंच प्रदान करने के एक अग्रणी उपाय के रूप में, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पूरी दुनिया में तेजी से उभरा है। यह प्लेटफॉर्म 1.6 लाख से अधिक सरकारी खरीदारों को 23 लाख विक्रेताओं एवं सेवा प्रदाताओं से जोड़ता है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण का एक प्रमुख वाहक बन गया है।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस परिवर्तनकारी डिजिटल पहल को शुरू किए जाने के बाद से नौ वर्षों के दौरान, जीईएम ने भ्रष्टाचार को खत्म करके और स्टार्टअप, एमएसएमई, महिलाओं एवं छोटे शहरों के व्यवसायों को व्यावसायिक अवसर प्रदान करके सरकार द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है। उपयोगकर्ताओं के अनुकूल माना जाने वाला यह प्लेटफॉर्म एक ऐसा सच्चा रत्न है, जिसने कुख्यात आपूर्ति एवं निपटान महानिदेशालय (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सप्लाइज एंड डिस्पोजल्स) की जगह ले ली है। इस महानिदेशालय की अपारदर्शी और गैर-प्रतिस्पर्धी प्रणालियां कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को अनुचित लाभ प्रदान करती थीं। इसलिए यह उचित ही है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का नया कार्यालय, वाणिज्य भवन, उस भूमि पर बनाया गया है जिस पर कभी यह पुराना निकाय स्थित था। शानदार प्रगति ङ्क वर्ष 2016 में स्थापना के बाद से, जीईएम पोर्टल पर 13.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर का लेन-देन किया गया है। वर्ष 2024-25 के दौरान, इस प्लेटफ़ॉर्म पर सार्वजनिक खरीद बढ़कर रिकॉर्ड 5.43 लाख करोड़ रुपये की हो गई। जीईएम का लक्ष्य वर्तमान वित्त वर्ष में अपने वार्षिक कारोबार को बढ़ाकर 7 लाख करोड़ रुपये करना है। जीईएम निस्संदेह सार्वजनिक खरीद से जुड़े परिदृश्य में एक असाधारण तकनीकी उपाय के रूप में उभरा है। कारोबार के आकार की दृष्टि से, जीईएम निकट भविष्य में दुनिया का सबसे बड़ा सार्वजनिक खरीद पोर्टल बन जाएगा और दक्षिण कोरिया के कोनेप्स जैसी सुप्रतिष्ठित संस्थाओं को पीछे छोड़ देगा।

जीईएम ने ईमानदारी से व्यावसाय करने प्रतिष्ठानों को व्यापक अवसर प्रदान किए हैं, नौकरियां सृजित की हैं और भारत के आर्थिक विकास को प्रोत्साहित किया है। इस संदर्भ में, जीईएम का महत्व वित्तीय दृष्टि से इसकी अभूतपूर्व प्रगति से कहीं बढ़कर है जो अपने आप में ई-कॉमर्स से जुड़ी किसी भी बड़ी कंपनी को हैरान कर देने के लिए काफी है। न्यायसंगत विकास का वाहक - जीईएम प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' मिशन के अनुरूप न्यायसंगत विकास के एक महत्वपूर्ण वाहक के रूप में कार्य करता है। यह स्टार्टअप, छोटे व्यवसायों और महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को बिना किसी बिचौलियों के सरकारी खरीदारों के सामने अपने उत्पादों एवं सेवाओं को प्रदर्शित करने का एक आसान रास्ता प्रदान करता है। प्रवेश की सभी बाधाओं को दूर करके, यह प्लेटफॉर्म छोटे घरेलू व्यवसायों को ई-टेंडर में भाग लेने और अपने व्यवसाय का विस्तार करने का अधिकार देता है।

समावेशिता के सिद्धांत से प्रेरित, जीईएम ने छोटे व्यवसायों के विकास को समर्थन देने के उद्देश्य से विभिन्न रणनीतिक पहलों का समावेश किया है। इनमें सरकारी खरीदारों को सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) और महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों द्वारा पेश किए जाने वाले उत्पादों एवं सेवाओं की पहचान करने तथा उनका चयन करने में मदद करने वाली प्रणालियां शामिल हैं। लक्ष्य से आगे - जीईएम पर स्टार्टअप रनवे और वुमनिया जैसे समर्पित स्टोरफ्रंट ने इन व्यवसायों की दृश्यता के साथ-साथ सार्वजनिक खरीद में उनकी हिस्सेदारी को भी प्रभावी ढंग से बढ़ाया है। इससे सरकार को सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) से 25 प्रतिशत खरीद और महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों से 3 प्रतिशत खरीद के अपने लक्ष्यों को पूरा करने और उससे आगे निकलने में मदद मिली है।

**मेष**

आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। धन प्राप्ति के मार्ग में आ रही बाधाएं दूर होगी। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा और जो जातक नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपका आत्मविश्वास मजबूत होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा,

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने खर्चों को लेकर बजट बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपको काम को लेकर चुनौतियां अधिक रहेगी, क्योंकि आपके बॉस आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। आप अपने व्यवसाय को आगे ले जाने के लिए कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाएंगे।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। जरूरी काम आपके समय से पूरे होंगे और आपको किसी बात को लेकर यदि मन में कोई संशय हो, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे ना बढ़ें। आप अपने किसी दूर रह रहे

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। सामाजिक क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपको किसी तर्क-वितर्क में पड़ने से बचना होगा। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को मनपसंद काम मिलने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। अपने करियर को संवारने के लिए आपको कोई बेहतर अवसर मिलेगा। प्राइवेट नौकरी में कार्यरत लोग बदलाव के बारे में सोच सकते हैं। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको राहत मिलेगी।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपने खानपान पर नियंत्रण बनाने की आवश्यकता है। कुछ अजनबी लोगों पर भरोसा करना आपको फायदा देगा। शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहने की आवश्यकता है। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती हैं।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। यदि आपने किसी को धन उधार दिया है, तो उसे आप पूरी लिखापढ़ी करके दें, क्योंकि आपके उस धन के वापस आने की संभावना बहुत कम है। आप अपने व्यवसाय के कामों में कोई बदलाव करने की सोच सकते हैं,

**धनु**

आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को थोड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आपको अपने पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़ा सावधान रहना होगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको अकस्मात लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप दोस्तों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपको किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचना होगा।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए लेनदेन के मामले में सावधानी बरतनी के लिए रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी, जिससे पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा। आपको कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने का मौका मिलेगा।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। भाई और बहनों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन नौकरी में कार्यरत लोग अपने सहयोगियों से किसी जरूरी काम को लेकर सलाह ले, तो बहुत ही सावधानी बरतें, क्योंकि वह आपको कोई गलत सलाह दे सकते हैं। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में आपसी सामंजस्य की कमी के कारण लड़ाई झगड़े बढ़ सकते हैं।

प्रतिदिन राजधानी
मंगलवार 20, मई 2025

# रजिस्ट्री के नये नियमों से फर्जीवाड़े पर लगेगा अंकुश, रिकॉर्ड भी होगा तत्काल अपडेट

- राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यशाला में दी जानकारी
- रजिस्ट्री में 10 क्रांतियों को बताने कलेक्टोरेट में कार्यशाला का आयोजन
- अधिकारी, वकील, स्टाम्प वेंडर, दस्तावेज लेखक से लेकर जनप्रतिनिधि और पत्रकार शामिल भी हुए



**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

राज्य सरकार द्वारा रजिस्ट्री के नये नियमों और सम्पत्तियों के पंजीयन मे शुरू किए गए 10 क्रांतिकारी परिवर्तनों पर आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में खुद राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने नयी सुविधाओं और तकनीकों के बारे में जानकारी दी। राजस्व मंत्री ने जमीनों की रजिस्ट्री के लिए नये नियमों को ऐतिहासिक व साहसिक निर्णय बताते हुए कहा कि समय की जरूरत के हिसाब से आमजनों की सुविधा के लिए बनाए गए हैं। रजिस्ट्री के नये नियमों से फर्जीवाड़े में रोक लगेगी। बंधक जमीनें नहीं बिक पाएंगी और कोई भी दूसरा आदमी किसी और की जगह पर खड़े होकर जमीनों की रजिस्ट्री नहीं करा सकेगा। राजस्व मंत्री टंक राम ने कहा कि पंजीयन विभाग में नयी सुविधाओं के लिए तकनीक का उपयोग कर लोगों को स्वयं रजिस्ट्री ऑफिस जाकर बायोमेट्रिक्स के द्वारा आधार सत्यापन कराना होगा। उन्होंने बताया कि नयी सुविधाओं में जमीन के रिकॉर्ड को आधार कार्ड से जोड़ने का भी काम किया जा रहा है। सरकार सुगम एप का संचालन कर आमजनों को जमीनों की खरीदी-बिक्री की आसान सुविधा दे रही है। इसके साथ ही बिक्री वाली भूमि में लगे पेड़ों पर पंजीयन शुल्क को शून्य कर दिया गया है। राजस्व मंत्री ने सभी राजस्व रिकॉर्डों को डिजीटलाईज करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती नियम को परिवर्तित करते हुए त्रुटि सुधार का अधिकार अब एसडीएम से छीनकर तहसीलदारों को दे दिया है। राज्य में जमीनों की जियो रिफ्रेसिंग का काम तेजी से किया जा रहा है। इसके पूरा हो जाने पर सीमा विवाद खत्म होंगे। वर्मा ने यह भी बताया कि राजस्व पखवाड़ों का आयोजन कर राज्य में राजस्व संबंधी प्रकरणों का तेजी से निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि अब राज्य या केन्द्र सरकार की किसी भी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के मामले पर कड़े नियम बनाए जा रहे हैं। परियोजना के प्रस्तावित होने के समय से ही उस क्षेत्र में जमीनों की खरीदी-बिक्री, सीमांकन-बटांकन सभी पर रोक लगा दी जाएगी। इस कार्यशाला में धमतरी विधायक ओंकार साहू, महापौर रामू रोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, प्रकाश बैस, पूर्व विधायक इंदर चंद चोपड़ा, मती रंजना साहू सहित कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, एसपी सूरज सिंह परिहार अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार भी उपस्थित रहे। पंजीयन विभाग ने आम जनता की सुविधा और दस्तावेजों की सुरक्षा के लिए सॉफ्टवेयर में 10 नई सुविधाएं शुरू भी की हैं। इनमें फर्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन सुविधा से क्रेता-विक्रेता की पहचान सीधे आधार नंबर और बायोमैट्रिक के माध्यम से की जाएगी।

# नारायणपुर विधानसभा के ग्राम कुम्हली और बनियागांव में 2 करोड़ 88 लाख की सौगात

## वनमंत्री केदार कश्यप ने किया भूमिपूजन और लोकार्पण

**जगदलपुर,प्रतिदिन राजधानी**




वनमंत्री केदार कश्यप क्षेत्रीय प्रवास पर हैं जहां उन्होंने आज नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के कोंडागांव क्षेत्र में दौरा किया । इस दौरान वनमंत्री केदार कश्यप ने क्षेत्रवासियों को करोड़ों की सौगात दी। मंत्री केदार कश्यप 2 करोड़ 68 लाख के एनिकट और लगभग 20 लाख के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया है। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर के विकास के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी की भाजपा सरकार बस्तरवासियों के साथ है।यंहा के किसानों के लिए फसलों के साथ साथ पशुपालन, मत्स्यपालन डेयरी उधोगों को बढ़ावा देना सरकार की मंशा है ताकि किसानो का आय दोगुनी हो, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी बस्तर के सबसे अधिकारी दौरा करने वाले प्रधानमंत्री और गृहमंत्री होंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जी मानते हैं यदि छत्तीसगढ़ को विकसित प्रदेश बनाना है तो हमारा या सपना तभी साकार होगा जब बस्तरवासियों का सपना साकार होगा। इसलिए हमारी विष्णुदेव साय सरकार क्षेत्रवासियों के सपनों को पूरा करने में जुटी है। सभा में उपस्थित युवाओं और मातृशक्ति से मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पाकिस्तान की कमर तोड़ दी है। पहलगाम में हुए घटना का बदला मोदी सरकार ने पाकिस्तान से ऐसा लिया है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का वर्चस्व स्थापित हुआ है। भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य को पूरी दुनिया ने देखा बस विप नेताओं और कोंग्रेसियों को छोड़कर। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के राष्ट्र नीति और सेना के साहस का गुणगान पूरा विश्व कर रहा है। इसलिए सेना के समर्पण और साहस के नाम अपने क्षेत्रों में तिरंगा यात्रा जरूर करें।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हमारी सरकार अभी सुशासन तिहार मना रही है। पूरा शासन प्रशासन जनता के बीच पहुंच कर उनके हर प्रकार के समस्याओं का समाधान करने का पूरा प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता और शासन सरकार के मध्य यह सीधे संवाद का माध्यम बन रहा है।

# छत्तीसगढ़ में शुरू होगा भू-जल संवर्धन मिशन, भू-जल और वर्षा जल संरक्षण पर शहरों में होंगे प्रभावी काम

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भू-जल और वर्षा जल के संरक्षण के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू-जल संवर्धन मिशन प्रारंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 20 मई को इसका शुभारंभ करेंगे। मिशन के तहत प्रदेश के शहरों में भू-जल और वर्षा जल के संरक्षण के लिए प्रभावी काम किए जाएंगे। भू-जल संवर्धन मिशन के शुभारंभ के मौके पर हाइड्रोलॉजिस्ट्स, कॉलोनाइजर्स, उद्योग, राज्य शासन के विभिन्न विभाग तथा विशेषज्ञ जल संरक्षण, इसके उपायों और परिणामों पर मंथन भी करेंगे। रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 20 मई को दोपहर तीन बजे से आयोजित भू-जल संरक्षण मिशन के शुभारंभ कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विशेषज्ञ जल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव इस दौरान शहरों में जल संरक्षण पर विशेषज्ञों से चर्चा करेंगे। वे प्रदेश के नगरीय निकायों में जल संरक्षण की भावी कार्ययोजना भी साझा करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वितीय सत्र में शाम छह बजे मिशन का शुभारंभ करेंगे। वे नगरीय निकायों में सेवाकाल के दौरान दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री साय कार्यक्रम में भू-जल संवर्धन मिशन के ब्रोशर का विमोचन और इस पर तैयार वीडियो भी लॉन्च करेंगे। वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा रायपुर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायकगण सर्व राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोती लाल साहू, पुरन्दर मिश्रा, गुरू खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा, इन्द्र कुमार साहू तथा रायपुर नगर निगम की महापौर मती मीनल चौबे विशिष्ट अतिथि के रूप में शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगी। प्रदेश के सभी नगर निगमों के महापौर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने बताया कि भू-जल संवर्धन मिशन का शुभारंभ कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम सत्र में देश के ख्यातिलब्ध विशेषज्ञ एवं अधिकारी भू-जल एवं वर्षा जल संरक्षण पर देश-विदेश में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उनके परिणामों पर चर्चा कर छत्तीसगढ़ में इसके क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श करेंगे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव 20 मई को दोपहर तीन बजे इस सत्र का शुभारंभ करेंगे। इस सत्र में प्रदेश के ख्याति प्राप्त हाइड्रोलॉजिस्ट रेन वॉटर हॉर्वेस्टिंग की जरूरत, उत्कृष्ट कार्ययोजना और बेस्ट प्रेक्टिसेस पर जानकारी देंगे। क्रेडाई के कॉलोनाइजर्स कॉलोनियों में तथा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि उद्योगों में भू-जल संचय के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रस्तुतिकरण देंगे। वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारी भी भू-जल एवं वर्षा जल के संरक्षण के लिए अपने-अपने विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा उनके परिणामों को प्रस्तुत करेंगे।

डॉ. बसवराजु ने बताया कि प्रथम सत्र में गुजरात के सूरत म्युनिसिपल कार्पोरेशन की विशेषज्ञ टीम एवं शुभारंभ सत्र के विशेष आमंत्रित वक्ता भारत के वॉटरमैन राजेन्द्र सिंह जल संरक्षण की रणनीति साझा करेंगे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव भू-जल एवं वर्षा जल संरक्षण पर अपनी प्रस्तुतिकरण के बाद प्रतिभागियों से खुली चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में शाम छह बजे भू-जल संवर्धन मिशन का शुभारंभ करेंगे। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, अभियंताओं, विशेषज्ञों, समाजसेवियों तथा स्वयंसेवी संगठनों से भू-जल संवर्धन मिशन के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने संसद की स्थायी समिति की बैठक में शिक्षक शिक्षा पर रखे महत्वपूर्ण सुझाव

- बी.एल.एड बंद करने और आईटीईपी लागू करने पर संसदीय समिति में हुई गहन चर्चा
- शिक्षक और शिक्षा की गुणवत्ता पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जताई चिंता, ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत डीआईईटी की वकालत

**रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी**



सांसद बृजमोहन अग्रवाल सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित संसद की शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी स्थायी समिति की बैठक में सम्मिलित हुए। इस बैठक में भारत की शिक्षक शिक्षा प्रणाली से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य रूप से बैचलर ऑफ एलीमेंट्री एजुकेशन (बी.एल.एड) कार्यक्रम को बंद करने के निर्णय, एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) की शुरुआत, उसकी वर्तमान कार्यान्वयन स्थिति, भविष्य की योजनाएं, पाठ्यक्रम की संरचना और आईटीईपी पढ़ाने के लिए आवश्यक योग्यताओं पर विचार-विमर्श किया गया।

इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की नीतियों, शिक्षक प्रशिक्षण, आवश्यक योग्यताओं तथा डीएलएड (प्राथमिक शिक्षा में डिप्लोमा) और जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों (डीआईईटी) के भविष्य पर भी चर्चा हुई। बैठक में शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव, एनसीटीई के अध्यक्ष तथा सिविल सोसायटी संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी-अपनी राय और सुझाव समिति के समक्ष रखे।इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक शिक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, गुणवत्ता और व्यवहारिकता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। भविष्य के राष्ट्रनिर्माताओं को तैयार करने वाले शिक्षकों की तैयारी भी आधुनिक, समावेशी और मूल्यनिष्ठ होनी चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि डीआईईटी जैसे संस्थानों को सशक्त बनाने हेतु विशेष नीति बनाई जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षक तैयार किए जा सकें।

# वालफोर्ट पैराडाइज सोसायटी, रायपुर में हेल्थ चेकअप एवं रक्तदान शिविर का सफल आयोजन



**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

एनजीओ बेटर भारत एवं 'माँ' संस्था द्वारा आज वालफोर्ट पैराडाइज सोसायटी, रायपुर में एक दिवसीय हेल्थ चेकअप एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 110 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और 19 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जिसे शहर के विभिन्न ब्लड बैंकों को ज़रूरतमंद मरीजों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इस शिविर में रक्तदान के साथ-साथ नि:शुल्क डेंटल एवं हेयर चेकअप, बाल रोग और कान-नाक-गला परामर्श की सुविधा भी दी गई। डॉ. कार्तिकेय एवं उनकी टीम ने डेंटल व हेयर चेकअप में सक्रिय भूमिका निभाई।

वहीं, ममता हॉस्पिटल, मौवा रायपुर की ओर से डॉ. सुनील रमनानी एवं उनकी मेडिकल टीम ने बाल रोग और ईएनटी परामर्श प्रदान किया। एनजीओ बेटर भारत एक भरोसेमंद राष्ट्रीय स्तर की संस्था है, जो स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत है। बेटर भारत का उद्देश्य है कि हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जाए। वहीं, एनजीओ 'माँ' एक समर्पित संस्था है जो बेसहारा और घायल सड़क पशुओं के संरक्षण और कल्याण हेतु कार्यरत है। इसके साथ ही, 'माँ' संस्था पालतू जानवरों के निधन पर विधिपूर्वक एवं सम्मानजनक अंतिम संस्कार की सुविधा भी उपलब्ध कराती है। शिविर के समापन पर सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद पत्र एवं अल्पाहार प्रदान किया गया। बेटर भारत और 'माँ' संस्था ने भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

विशेष धन्यवाद:

डॉ. कार्तिकेय एवं टीम (डेंटल व हेयर चेकअप हेतु) डॉ. सुनील रमनानी एवं ममता हॉस्पिटल, रायपुर की टीम (बाल रोग एवं ईएनटी परामर्श हेतु)

# महापौर मीनल चौबे काशीराम नगर पहुंची, व्यवस्थापन को लेकर रहवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी



**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने काशीराम नगर आवासीय परिसर में पहुंचकर वहाँ निवासरत परिवार के लोगों से व्यवस्थापन को लेकर चर्चा की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली. महापौर ने अधिकारियों से व्यवस्थापन को लेकर जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए. इस दौरान वार्ड पार्षद महेश ध्रुव, जोन 3 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल,अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर, सहायक अभियंता योगेश यदु, नरेश साहू की उपस्थिति रही.

# गोदड़ी वाला धाम में आगामी 7 जून को अम्मा चोले वाली का बरसी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा



**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

आज गोदड़ी वाला धाम देवपुरी में अम्मा चोले वाली की वरसी महोत्सव पर सामान्य सभा की बैठक रखी गई जिसमें 7 जून को प्रति वर्ष अनुसार अम्मा चोले वाली का वरसी महोत्सव मनाया जायेगा. जिसकी तैयारी के लिए आज बैठक रखी गयी । जिसमें आवास भंडारा सत्संग कीर्तन की रूपरेखा तैयारी की गई इस वर्षी महोत्सव में रायपुर के अलावा प्रदेश के 11 गोदड़ी वाला धाम के श्रद्धालु गन शिरकत करते हैं एवं शहर की सभी मुखी साहब एवं पंचायत के प्रतिनिधि एवं सामाजिक संस्थाओं का भी को भी आमंत्रित किया जाता है सभी आकर अपना बाबा जी से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं यह मीटिंग में मुख्य अतिथि के रूप से महंत अम्मा मीरा देवी एवं सभी सेवादारी हरि इसरानी इंदर लाल सचदेव। लाल खूबचंदानी सुशील केसवानी घनश्याम मखीजा सतीश थौरानी अमर गिदवानी. पवन प्रीतवानी महेश हरजानी दिलीप इसरानी गन्नू काशवानी। सुनील काशवानी रॉकी काशवानी राजन रोहरा नरेश परियानी निककी जोधवानी अन्य सभी माता मंडली के सेवादारी उपस्थित थे यह जानकारी दरबार के सेवादारी अमर गिदवानी ने दी?

# बैंक ऑफ़बड़ौदा द्वारा रायपुर में ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन

**रायपुर प्रतिदिन राजधानी**




दिनांक 16.05.2025 को एस एम ई शाखा, रायपुर अंचल और अंचल कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एस एम ई ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर उपस्थित एस एम ई ग्राहकों को अंचल प्रमुख महाप्रबंधक दिवाकर पी सिंह सहित अन्य वरिष्ठ कार्यपालकों द्वारा शाल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम में पी पी टी प्रस्तुतीकरण द्वारा बैंक के प्रमुख एस एम ई उत्पादों की जानकारी दी गई । इस अवसर पर अंचल प्रमुख महाप्रबंधक दिवाकर पी सिंह ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा से मजबूत संबंध बनाए रखने के लिए सभी ग्राहकों आभार जताया और विश्वास दिलाया कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा अपने ग्राहकों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है । कार्यक्रम में शामिल सभी ग्राहकों ने बैंक के इस पहल की सराहना की । इस अवसर पर अंचल प्रमुख महाप्रबंधक दिवाकर पी सिंह सहित उप महाप्रबंधक (अनुपालन एवं आश्वासन) डॉ आर के मोहंती, भरतकुमार चावड़ा, उपमहाप्रबंधक (व्यवसाय विकास) किसलय प्रसाद, उपमहाप्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख, रायपुर क्षेत्र व बैंक के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे । सम्मेलन में स्वागत सम्बोधन सुश्री जया मिश्रा, सहायक महाप्रबंधक व शाखा प्रमुख एस एम ई शाखा, रायपुर व धन्यवाद ज्ञापन संदीप मान, सहायक महाप्रबंधक व अंचल ऋण विभाग प्रभारी ने दिया ।

# एमआईसी मेंबर गायत्री सुनील चंद्राकर ने मैकेनाइज्ड स्वीपिंग कार्य का किया निरीक्षण

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**



रायपुर नगर निगम की एमआईसी मेंबर श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर ने कल रात टाटीबंध चौक से शास्त्री चौक तक शहर की स्वच्छता व्यवस्था हेतु मैकेनाइज्ड स्वीपिंग कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आधुनिक मशीनों के माध्यम से की जा रही सड़क सफाई प्रक्रिया को देखा और सफाई कर्मचारियों से भी चर्चा की। निरीक्षण के दौरान श्रीमती चंद्राकर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मैकेनाइज्ड स्वीपिंग के दौरान गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मशीनों की नियमित देखरेख, समय पर संचालन और कचरा निस्तारण की प्रक्रिया में पारदर्शिता आवश्यक है।उन्होंने सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए विभिन्न सुझाव भी दिए, जैसे कि — प्रमुख सड़कों के अलावा आंतरिक गलियों में भी मशीनों का उपयोग बढ़ाया जाए, और नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए। श्रीमती चंद्राकर ने यह भी कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत रायपुर शहर को स्वच्छता के मामले में शीर्ष स्तर पर लाना निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से निरीक्षण करें और जनता से फीडबैक लेकर सुधार की दिशा में कदम उठाएं।

# सलमान खान और ऋतिक रोशन हैं मेरी मम्मी के दो क्रश, उन्हें देखकर सीटी मारती थीं : पलक तिवारी





**बिजली बिजली गाने से अपने करियर की शुरुआत करने वाली पलक तिवारी मानती हैं कि जानी-मानी अभिनेत्री श्वेता तिवारी की बेटी होने से उन्हें पहचान जरूर मिली, मगर रोल के मामले में उन्हें अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाना होगा। सलमान खान के साथ किसी का भाई किसी की जान में दिखीं पलक हालिया रिलीज भूतनी के बाद चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म रोमियो एस 3 से। यहां वे हमसे कई मुद्दों पर दिल खोलकर बातें कीं। पलक तिवारी खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हैं कि फिल्मों में उनकी शुरुआत सलमान खान जैसे सुपरस्टार के साथ किसी का भाई किसी की जान से से हुई। वे कहती हैं, आपको एक मजेदार बात बताऊं, मेरी मम्मी (अभिनेत्री श्वेता तिवारी) के दो ही क्रश हुए थे, एक सलमान सर और दूसरे रितिक रोशन सर। मेरी मम्मी स्कूल-कॉलेज में रही होंगी, जब उनकी कुछ कुछ होता है रिलीज हुई थी। मम्मी बताती हैं कि जब सलमान सर की एंट्री होती, मम्मी समेत सभी लड़कियां सीटी मारा करती थीं, तो आप समझ सकते हैं कि जिन स्टार की मामी फैन थीं, उनके साथ में काम करने का कैसे सोच सकती थी। जाहिर है मेरी उम्र के कारण ये तो सिर्फ ख्वाब ही हो सकता था, तो जब मुझे किसी का भाई किसी की जान के लिए सलमान सर के साथ काम करने का मौका मिला, तो मैंने कहानी के बारे में एक पल भी नहीं सोचा। मेरे लिए ये बहुत बड़ी बात थी कि पूरे तीन महीने तक मैं उनके इर्द -गिर्द रहूंगी। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा। वे बहुत ही नरमदिल और अच्छे इंसान हैं। मैं बहुत भाग्यवान हूं कि उनके अनुभवों से मैं ग्रो हो पाई।**

### अपने भाई की हीरो हूं मैं

पलक तिवारी की मां श्वेता तिवारी और उनके पिता राजा चौधरी का सालों पहले अलगाव हो गया था। उसके बाद पलक अपनी मां और भाई रेयांश के साथ पली-बढ़ी हैं। अपनी जिंदगी के प्राउड मोमेंट के बारे में वे कहती हैं, हम हमेशा सोचते हैं कि बच्चों के लिए उनके सुपर हीरो उनके पिता या कोई मर्द हो सकते है, मगर अपने छोटे भाई रेयांश के लिए असली हीरो मैं हूं। उसने हमारी मां और नानी के स्ट्रगल को भी देखा है और मुझे भी काफी छुटपन से देखा है, तो उसके लिए मैं बहुत अहमियत रखती हूं। मैं यही चाहती हूं कि मैं और स्ट्रॉन्ग बनूं और मेहनत से काम करूं और उसे और ज्यादा गर्व महसूस करें। आखिरकार मेरा भाई मेरे जिगर का टुकड़ा है। वे आगे कहती हैं, लोग अक्सर लड़कियों के साथ होने वाली हीनता की बातें करते हैं, तो मैं खुद को उस स्थिति में आने ही नहीं देती। असल में मैं मर्दों से किसी तरह की उम्मीद ही नहीं रखती। वे हमें क्या ही समझ पाएंगे। हां, मैं औरतों से जरूर एक्पेक्ट करती हूं। औरतें, मर्दों की तुलना में ज्यादा इंटेलिजेंट होती हैं। मगर जब कोई महिला, महिला के बारे में गलत बोलती हैं, तब बुरा लगता है।

### मम्मी से सुनीं हैं भूत-प्रेत की कहानियां




बीते दिनों पलक अपनी हॉरर फिल्म द भूतनी से चर्चा में रहीं पलक भूत-प्रेत में यकीन नहीं करतीं। वे कहती हैं, मेरे साथ भगवान की दया से कोई भूतिया अनुभव तो नहीं हुआ है और कामना करती हूं कि आगे भी न हो, मगर मैंने अपनी मम्मी (अभिनेत्री श्वेता तिवारी) से भूतों की बहुत-सी बाते सुनी है, जैसे मुकेश मिल्स (शूटिंग स्टूडियो) हॉन्टेड है। मम्मी बताती थीं कि अक्सर वहां की लाइट चली जाया करती थी। रात के 2-3 बजे कुछ न कुछ डरावना ज़रूर होता था। मम्मी कमालिस्तान स्टूडियो के बारे में भी बताती थीं अपने डरावने अनुभवों को लेकर। मधुबाला जी के बंगले को लेकर भी अफवाहें थी वहां कुछ डरावना था। मगर मैं इस बात पर यकीन करती हूं कि भगवान है, तो शायद शैतान न हो। अगर कोई भूत-प्रेत है भी, तो हो सकता है वो यहां थोड़ा समय बिता कर चला जाए। भूत अच्छे भी हो सकते हैं।

# ऋतिक, आमिर और विवेक ने नहीं की ये फिल्म

## फिर आया सैफ अली खान का नंबर और उनको मिल गया नेशनल अवॉर्ड

साल 2004 में आई रोमांटिक फिल्म हम तुम में सैफ अली खान का किरदार आज भी लोगों को याद है, लेकिन सैफ इस फिल्म के पहले चॉइस नहीं थे। हाल ही में डायरेक्टर कुणाल कोहली ने एक इंटरव्यू में बताया कि इस रोल के लिए पहले ऋतिक रोशन, आमिर खान और विवेक ओबेरॉय से बात हुई थी।




### रोल पहले ऋतिक को ऑफर हुआ

कुणाल कोहली ने एक इंटरव्यू में बताया, सबसे पहले हम ऋतिक के पास गए। ऋतिक से मेरी दोस्ती थी। इसलिए पहले उन्हीं के पास गए। उन्होंने स्क्रिप्ट पढ़ी और कहा कि मुझे स्क्रिप्ट बहुत पसंद आई, बहुत शानदार है। ऋतिक ने कहा कि मुझे ये स्क्रिप्ट बहुत पसंद है। फिर ऋतिक ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं ये रोल निभा पाऊंगा। कुणाल कोहली ने आगे बताया कि ऋतिक ने साफ-साफ कहा कि मैं ये रोल नहीं निभा पाऊंगा। अभी मैं सही मानसिक स्थिति में नहीं हूं। क्या आप एक-दो साल रुक सकते हैं? मेरी कुछ फिल्में रिलीज हो जाएं, उसके बाद देखूंगा। ऋतिक ने ये भी कहा कि मेरी कुछ फिल्में आने वाली हैं और मुझे पता है कि वो नहीं चलेंगी। मैं अभी बहुत खराब फेज में हूं। फिर ऋतिक ने कहा कि अगर आपको कोई और मिल जाए, तो उसी के साथ फिल्म बना लेना।

### कुणाल ने सैफ को सही माना

फिर इसके बाद आदित्य चोपड़ा ने कुणाल कोहली से कहा कि आप सैफ अली खान के बारे में क्यों नहीं सोचते? कुणाल कोहली ने कहा कि मैंने 5 सेकंड में फिल्म के हर सीन में सैफ को सोच लिया और कहा कि वो तो शानदार लगेगा, लेकिन मैंने पूछा कि सैफ के साथ बनाओगे? उनकी कोई सोलो हीरो हिट फिल्म नहीं है। जिस पर आदित्य चोपड़ा ने कहा कि सैफ अली खान पर मुझे भरोसा है। कुणाल कोहली ने यह भी बताया कि मुझे याद है कि फिल्म रिलीज वाले हफ्ते ऋतिक और सुजैन ट्रायल पर आए थे। सुजैन को फिल्म बहुत पसंद आई। ऋतिक ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि सैफ ने ये किया। वो बिल्कुल सही चॉइस थी, मुझसे भी बेहतर। ऋतिक ने कुणाल कोहली से ये भी कहा कि मेरी भी फिल्म आ रही है, नहीं पता क्या होगा, लेकिन आपकी तो सुपरहिट है। बता दें कि हम तुम ना सिर्फ हिट रही, बल्कि सैफ को इस फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला।

### आमिर को भी स्क्रिप्ट दी गई

इसके बाद आमिर खान को स्क्रिप्ट सुनाने की कोशिश की गई, लेकिन उस वक्त वो रीना दत्ता से अलग होने की वजह से परेशान थे। उन्होंने साफ कह दिया कि वो स्क्रिप्ट सुनने की हालत में नहीं हैं।

### विवेक ओबेरॉय से भी बात हुई

कुणाल कोहली ने बताया कि फिर विवेक ओबेरॉय से बात हुई। उन्होंने पहले फिल्म के लिए हां कहा और डेट्स भी दीं, लेकिन बाद में स्क्रिप्ट में बदलाव की मांग करने लगे।

# मैंने पति के सामने शर्त रखी थी, गाना नहीं छोड़ूंगी और तभी शादी करूंगी : कविता सेठ

गूंजा सा है कोई इकतारा और तुम ही हो बंधु जैसे गानों को अपनी सूफियाना आवाज से सजाने वाली सिंगर कविता सेठ इन दिनों बेटे कनिष्क सेठ संग मिलकर बतौर कंपोजर भी इंडस्ट्री को खूबसूरत धुनों से नवाज रही हैं। हिट गाने रंगी सारी गुलाबी चुनरिया के बाद अब मां-बेटे की यह जोड़ी केसरी चैप्टर 2 के गाने खुमारी के लिए प्यार बटोर रही है।

### आपकी गायिकी का सूफियाना अंदाज आपकी पहचान है। बरेली जैसे छोटे शहर में बड़ी होते हुए इस ओर आपका रुझान कैसे हुआ? यह अलहदा स्टाइल आपने कैसे तलाशा?

हर बंदे का अपना एक अंदाज होता है, बस उसे ढूंढ़ने की बात होती है। हम जब दूसरों से वैलिडेशन मांगते हैं ना कि मैं ये कर लूं तब गड़बड़ होती है। जब हम अपनी बात को अपनी तरह से रखते हैं, तभी अलग और यूनिक दिखते हैं। मेरे साथ तो ऐसा था कि मेरी आवाज ही बहुत अलग थी। मैं लता जी (लता मंगेशकर), आशा जी (आशा भोसले) या इंडस्ट्री के स्टाइल में गा ही नहीं सकती थी। इंडस्ट्री में एक मांग होती है हाई पिच वॉयस, मेरी वो भी नहीं थी तो मैंने अपना स्टाइल तलाशा। अपने स्टाइल में गाने में ज्यादा मेहनत लगती है, मगर खुद पर भरोसा करना होता है और हमने वही किया। यहां इंडस्ट्री में आकर भी हम किसी के आगे गिड़गिड़ाए नहीं। मैंने अपने लाइव शोज शुरू कर दिए, लोगों को इनवाइट करना शुरू किया। लोगों ने सुना तो उन्हें लगा कि अलग आवाज है तो काम मिलना शुरू हुआ। हो सकता है कि आपको काम कम मिले, लेकिन पहचान बड़ी बनेगी। जैसे, मेरे पहले गाने और गैंगस्टर के गाने के लिए अवॉर्ड तक में नामित हुई। फिर भी उसके तीन साल बाद तक कोई काम नहीं मिला, मगर फिर इकतारा जैसा गाना मिला, जो आज भी याद किया जाता है।

### छोटे शहरों में अक्सर लड़कियों का गाना-बजाना शादी के बाद शौक तक सिमट कर रह जाता है। उनके तानपुरे धूल फांकने लगते हैं आपने घर-बच्चों के बीच अपने संगीतमय सफर को कैसे जारी रखा?

ये बिल्कुल सही है। ऐसा अक्सर होता है। मेरी भी अरेंज्ड मैरिज हुई थी, पर मैंने अपने पति से मेरी पहली शर्त यही रखी थी कि मैं शादी तभी करूंगी कि मेरा म्यूजिक बंद नहीं कराओगे और उन्होंने बहुत मदद की। मैंने दोनों बच्चे होने के बाद प्रफैशनली अपना करियर शुरू किया है। दिल्ली में कई साल मैंने शोज किए। वहीं, सतीश कौशिक जी ने मुझे सुना और मुझे फिल्म वादा में गाने का ब्रेक दिया था। उसके बाद महेश भट्ट साहब ने कहा कि तुम्हारी आवाज तो सरहद पार वाली आवाज है, मगर सीरियस काम करना है तो मुंबई आकर रहो, क्योंकि कभी भी काम आता है तो यहां रहना जरूरी है। फिर, मैं सब छोड़कर बच्चों के साथ यहां शिफ्ट हो गई। जबकि, दिल्ली में अच्छे खासे शोज कर रही थी, पैसे कमा रही थी, वो सब छोड़कर मुंबई आकर जीरो से शुरुआत की क्योंकि वो जुनून था कि कुछ बड़ा करना है और फिल्में बहुत बड़ा माध्यम है। अगर कोई अच्छा गाना हिट हो जाए तो कुछ सेकंड में आप करोड़ों लोगों तक पहुंच जाते हैं और सालों साल लोगों के दिलों में रहते हैं।

### जहां तक गाने कंपोज करने की बात है, आप काफी चुनिंदा काम करती हैं। उसकी क्या वजह है? खुमारी की आमद कैसे हुई?

यह सही है कि मैं गानों के बोल को लेकर थोड़ी चूजी हूं। मेरे लिए पोएट्री अहम है, फिर धुनों की तो एक आमद होती है कि एकदम से कुछ आ गया। जैसे, खुमारी भी ऐसे ही बना कि मैं ऐसे ही कुछ गुनगुना रही थी, राग दरबारी जेहन में चल रहा था, फिर ये बोल मिले, तो धुन बन गई, मगर फिर मेरे बेटे और को-कंपोजर कनिष्क ने इस गजल को जैज जैसे नए साउंड के साथ ऐसा खूबसूरत रंग दे दिया जो मैं सोच भी नहीं सकती थी और मैं खुश हूं कि भले ही हम कम काम करते हैं, मगर लोगों को वो पसंद आता है। मेरे लिए कंपोजिंग स्वांत: सुखाय वाली बात है। मैंने गाने बनाने की फैक्ट्री नहीं डाली हुई है। मैं अपनी खुशी, अपने शौक के लिए बनाती हूं। फिर, लोगों को वो पसंद आ जाता है ये बोनस है। मेरी कोशिश यह रहती है कि हमारा इतना समृद्ध हिंदुस्तानी संगीत है, उसे आगे लेकर आएं। जैसे, रंगी सारी बहुत मशहूर दादरा है, तो खुमारी को हमने राग दरबारी में कंपोज किया।



**आज के समय में फिल्म संगीत का जो दौर चल रहा है, मसलन गानों का ना होना, रीमिक्स की भरमार, अच्छे गानों को प्रमोट ना करना, जैसे खुमारी को भी और प्रमोट किया जाना चाहिए था, इस सब पर आपकी क्या राय है?**

देखिए, समय के साथ चीजें बदलती रहती हैं। मेरा मानना है कि अच्छा गाना अपनी ऑडियंस तलाश लेता है। आप देखो, जब भी ऊटपटांग चीजें होने लगती है, एकदम से कोई अच्छा गाना आ जाता है। इसलिए, हम वैसा काम नहीं करते कि हर महीने कहें कि ये लो जी गाना। हम सीमित काम करते हैं लेकिन अपना बेस्ट देते हैं और अच्छी चीजें लोगों तक पहुंच जाती है। हमने जो रंग सारी गाना किया था, वो फिल्म में आने से पहले ही मशहूर हो गया था। जबकि हमारा कोई मार्केटिंग एजेंडा नहीं था। हमें बस एक अच्छा गाना बनाकर लोगों से शेयर करना था। यही खुमारी गाने के साथ था।

# मुझ पर भगवान का बहुत आशीर्वाद रहा है, उन्होंने अगर मुझे चुना है तो मेरी तरफ से शुक्रिया : राजकुमार राव

बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव ने बहुत कम समय में अपनी बड़ी पहचान बना ली है। इन दिनों वह फिल्म भूल चूक माफ को लेकर चर्चा में हैं।


**आपने कभी महसूस किया है कि कोई घटना या सिचुएशन देख कर आपको लगा हो कि ये तो पहले भी मेरे साथ हो चुका है?**

मेरे साथ हुआ है। मुझे लगता है कि बहुत लोगों के साथ ऐसा होता होगा। उसका एक टर्म देजा वू नाम से है, लेकिन हमारी फिल्म उस विषय पर नहीं है। ये टाइम लूप पर है कि एक लड़के की 29 को हल्दी है और 30 को शादी है। वो उस 29 तारीख में फंस कर रह गया और हर रोज जब वह उठता है तो 29 तारीख होती है। ये हमारी फिल्म का कॉन्सेप्ट है। लेकिन मेरे साथ जिंदगी में एक-दो बार ऐसा हुआ है, जब मुझे लगता है कि ये सब पहले मेरे साथ हो चुका है।

**आप फिल्म में सरकारी नौकरी के लिए बहुत परेशान नजर आते हैं। आपके पिता भी सरकारी नौकरी में थे, तो क्या आपके ऊपर कभी सरकारी नौकरी करने को लेकर दबाव था?**

(हंसते हुए) सरकारी जॉब करने का दबाव तो कभी नहीं आया, क्योंकि स्कूल के समय से ही ये सोचा हुआ था कि ऐक्टिंग करनी है, फिल्मों में जाना है। लेकिन मैं ये जानता हूं कि हमारे देश में सरकारी नौकरी का क्या महत्व है। सरकारी नौकरी बहुत मायने रखती है। इस फिल्म में भी लड़की के पापा कहते हैं कि दो महीने में सरकारी नौकरी ले आओ, लड़की तुम्हारी। तो मैं जानता हूं कि आम परिवार में सरकारी नौकरी का मिलना कितना महत्व रखता है।

**आप नए-नए जोनर को ट्राई कर रहे हैं। तो अब आप अपने करियर को किस तरह देख रहे हैं?**




मुझ पर भगवान का बहुत आशीर्वाद रहा है, क्योंकि बहुत सारे लोग मुंबई शहर में ऐक्टर बनने के लिए आते हैं, तो अगर भगवान ने मुझे चुना है तो उसमें मेरी तरफ से सिर्फ शुक्रिया और धन्यवाद ही है। पहली फिल्म से ही मेरी ये कोशिश रही है कि ऐसा काम करूं कि कभी टाइपकास्ट ना हो सकूं, ना ही कभी खुद को एक बॉक्स में डला हुआ महसूस करूं। हर तरह के रोल और कहानी करते रहे। हर तरह के जोनर का एक्सप्लोर करूं और अच्छे डायरेक्टर के साथ काम करना है, क्योंकि ये मीडियम ही डायरेक्टर्स का मीडियम है। हम तो ऐक्टिंग करते हैं, फिल्म को तो डायरेक्टर ही बनाते हैं। आगे भी मेरा ऐसा ही प्लान है। नई-नई चीज करता रहा हूं, इसलिए मुझे कभी भी बोरिंग जैसा अहसास नहीं होता है।

**वामिका और करण शर्मा दोनों ही आपकी काफी तारीफ करते हैं। तो आप इतनी तारीफ को कैसे देखते हैं?**

(हंसते हुए) मैं दोनों की तरफ से खुद के लिए तारीफ सुनने के बाद नीचे देखने लगता हूं। दोनों खुद इतने अच्छे इंसान और टैलेंटेड हैं, तो मजा आता है जब आप इतने अच्छे लोगों के साथ काम करते हैं।

**आज हम देख रहे हैं कि फिल्म के प्रमोशन सीमित होते जा रहे हैं, मेकर्स कम शहरों में जाते हैं, लेकिन आप देश के कोने-कोने में जा रहे हैं। कैसा अनुभव है?**

लोगों से जाकर मिलना, उनसे मिलकर बात करना, ये काफी अच्छा अनुभव है। लोगों को आपकी फिल्म का ट्रेलर कैसा लगा ये आपको उनके बीच जाकर ही समझ आएगा। आप इंस्टाग्राम पर बैठकर ये चीजें नहीं समझ सकते हैं।

**आप दिल्ली आए हैं, तो कैसा लग रहा है?**


यहां आकर काफी अच्छा लग रहा है। जब हम बड़े हो रहे थे, उसके मुकाबले तो आज शहर का माहौल काफी बदल गया है।




# श्रद्धा के 35 टुकड़े करने वाले आफताब को सजा कब

ठीक 3 साल पहले, तारीख 18 मई 2022, दिल्ली के महरौली में रहने वाले आफताब और श्रद्धा का झगड़ा हो गया। दोनों लिव इन रिलेशनशिप में थे। गुस्से में आफताब ने श्रद्धा का गला घोंटकर मर्डर कर दिया। रात भर डेडबॉडी के साथ ही रहा। इंटरनेट पर लाश ठिकाने लगाने के तरीके सर्च करता रहा। अगली सुबह घर से निकला, मार्केट से एक बड़ा फ्रिज और आरी खरीदकर लौटा। श्रद्धा की लाश के 35 टुकड़े किए और फ्रिज में रख दिए। फिर धीरे-धीरे उन्हें छतरपुर के जंगलों में फेंकता रहा।

## केस के 5 सबसे बड़े सबूत



1. श्रद्धा की हड्डियां, इनका DNA टेस्ट किया गया, सैंपल श्रद्धा के पिता से मैच करवाया, रिपोर्ट पॉजिटिव आई
2. लास्ट सीन ऑफ थ्योरी, इससे पता चलता है कि श्रद्धा को लास्ट टाइम उसी घर में देखा गया, इसके बाद वो कहीं नहीं दिखी
3. साल 2020 में मुंबई के बसोई थाने में श्रद्धा ने आफताब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी, इसमें लिखा है कि श्रद्धा ने कहा था आफताब हमेशा उसे धमकाता है, उसके टुकड़े-टुकड़े करने की धमकी देता था, गला दबाकर मारने की कोशिश की, ये रिपोर्ट आफताब के क्रिमिनल कंडक्ट और उसकी प्लानिंग के बारे में बताती है
4. फॉरेंसिक रिपोर्ट
5. आफताब का नार्को टेस्ट

(श्रद्धा का केस लड़ रहीं वकील सीमा कुशवाहा के मुताबिक)

## हर सुनवाई में लाई जाती हैं श्रद्धा की हड्डियां, मर्डर का औजार और फ्रिज

अब तीन साल बाद, तारीख 18 मई 2025, श्रद्धा मर्डर केस दिल्ली के साकेत कोर्ट में है। अभी गवाहियां चल रही हैं। इस दौरान आफताब बार-बार वकील बदलता रहा। चेहरे पर कोई पछतावा नहीं। पुलिस से जुड़े सोर्स बताते हैं कि वो कोर्ट में बिल्कुल चुप रहता है। सिर्फ अपने वकील से बात करता है। हाथ में हमेशा केस की चार्जशीट होती है। केस की अपडेट जानने के लिए श्रद्धा का केस लड़ रहीं वकील सीमा कुशवाहा से बात की। वे बताती हैं कि कोर्ट में फिलहाल केस की सबसे अहम कड़ी इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर राम सिंह की गवाही हो रही है। आफताब ने उनके सामने ही श्रद्धा के 35 टुकड़े करने की बात कबूल की थी। उधर, श्रद्धा और आफताब जिस फ्लैट में रहते थे, वो अब भी बंद है।

### कुल 212 गवाह, 169 की गवाही हो चुकी

सीमा कुशवाहा बताती हैं, श्रद्धा मर्डर केस के ट्रायल का अभी सबसे क्रूशियल टाइम है। कोर्ट में इस वक्त गवाह की जगह वो शख्स खड़ा है, जो इस केस का पिलर है। केस के इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर राम सिंह। 169 गवाहों की गवाही हो चुकी है। इनकी गवाही फरवरी के आखिर से शुरू हुई थी और अभी कुछ और तारीखें पड़ेंगी।"इस वक्त कोर्ट में श्रद्धा के निर्दयता से मर्डर की कहानी, हर सबूत, हर गवाह के साथ एक तरह से दोबारा सुनाई जा रही है। इस गवाही के जरिए कोर्ट मेन और सप्लीमेंट्री चार्जशीट में लिखी हर बात और दर्ज सबूत से दोबारा गुजर रहा है।

### 3 साल बाद आ रही फैसले की घड़ी

एडवोकेट सीमा कुशवाहा कहती हैं, 'हम कन्क्लूजन के काफी करीब खड़े हैं। मेन और सप्लीमेंट्री चार्जशीट में 212 गवाहों के नाम हैं। सभी अहम लोगों की गवाही हो चुकी है। अब जो गवाह बाकी हैं, उनमें ज्यादातर ऐसे हैं, जिनसे कुछ से एफिडेविट लिया जाएगा। उन्हें कोर्ट में आने की जरूरत नहीं है। 'आरोपी आफताब पूनावाला के डिफेंस लॉयर ने जानबूझकर इस केस को लंबा खींचा। कभी तारीखों पर नहीं आए, तो कभी दूसरे केस का बहाना बनाकर तारीखों में लंबा गैप करवाया। बिना डिफेंस के लॉयर के किसी गवाह की गवाही पूरी नहीं हो सकती।

### आफताब को सजा दिलाने में राम सिंह सबसे अहम कड़ी

सीमा कुशवाहा आगे कहती हैं, इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर राम सिंह अहम कड़ी हैं। उन्होंने ही आफताब से पूछताछ की थी और उससे श्रद्धा के 35 टुकड़ों का सुराग हासिल किया था। अब तक जितने गवाहों की गवाही हुई, उनमें सबसे लंबी गवाही राम सिंह की ही है। फरवरी के आखिर से उनकी गवाही शुरू हुई थी और अब तक पूरी नहीं हुई है। अब तक जिस तरह से गवाही चल रही है, उससे लगता है कि 2-3 तारीखें और लगेंगी। इसके बाद डिफेंस का लॉयर उनसे क्रॉस क्वेश्चन करेगा। 'इसे ऐसे समझिए इस केस में अब तक इकट्ठा तथ्यों, सबूतों और गवाही को राम सिंह के जरिए फिर सुना जा रहा है। इन्वेस्टिगेशन के जरिए सामने आई मर्डर की पूरी कहानी तथ्यों के साथ विस्तार से न सिर्फ सुनी जा रही है, बल्कि हर तथ्य पर डिफेंस का लॉयर सवाल भी करेगा।'

### हर सुनवाई में लाई जाती हैं श्रद्धा की बोन्स, मर्डर का औजार और फ्रिज

एडवोकेट सीमा कुशवाहा कहती हैं, सुनवाई का प्रोसिजर होता है कि उस केस की प्रॉपर्टी हर बार कोर्ट लाई जाती है। इस केस में श्रद्धा की बोन्स, फ्रिज, चाकू और दूसरे सामान कोर्ट में हर बार लाए जाते हैं। केस का छोटे से छोटा सबूत भी कोर्ट में लाया जाता है। इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर से हर चीज एग्जामिन करवाई जाती है।


### डिफेंस लॉयर के गवाहों में आफताब और श्रद्धा का कॉमन फ्रेंड भी

सोर्स के मुताबिक, 'इस केस में आफताब के लॉयर ने अब तक करीब 8 गवाहों के एफिडेविट जमा किए हैं। इसमें श्रद्धा और आफताब का एक कॉमन फ्रेंड भी है। उसके नाम का खुलासा नहीं किया जा सकता है, लेकिन ये दोनों का खास दोस्त है। इन सबकी लिखित में गवाही जमा की गई है। कोई भी कोर्ट में फिजिकली पेश नहीं हुआ है। जरूरत पड़ने पर इन्हें कोर्ट में लाया जाएगा।'

### सबसे आखिर में होगी आफताब की गवाही

क्या आफताब की गवाही हुई है? इसके जवाब में सीमा कहती हैं, अब तक आफताब की गवाही नहीं हुई है। हर बार कोर्ट में उसकी हाजिरी जरूर लगती है। वो हर सुनवाई में शामिल होता है। पुलिस ने उससे जो पूछताछ की है, अभी वही चार्जशीट में शामिल है। वे आगे कहती हैं, 'दूसरी बात हमारे यहां कोर्ट के ट्रायल का प्रोसिजर बहुत लंबा है। खासतौर पर जब हमारे पास कोई चश्मदीद नहीं है। सारे सबूत सिचुएशनल हैं। किसी ने मर्डर होते नहीं देखा। हालांकि मर्डर आरोपी ने ही किया है, इस बात के सिचुएशनल सबूत हैं। इसलिए ये केस निर्भया के केस से बहुत मुश्किल है। निर्भया के केस में चश्मदीद उसका दोस्त था और बयान दर्ज कराने तक खुद निर्भया भी जिंदा थी।'

## श्रद्धा मर्डर केस



तारीख : 18 मई, 2022

**आफताब अमीन पूनावाला** ने अपनी लिव-इव पार्टनर **श्रद्धा वालकर** की हत्या कर दी



दोनों दिल्ली के महरौली में किराए पर रह रहे थे, आफताब दो दिन डेडबॉडी के साथ ही रहा


इस दौरान गूगल पर डेडबॉडी ठिकाने लगाने के तरीके खोजता रहा



**19 मई** को मार्केट गया और **300 लीटर** का फ्रिज लेकर लौटा, एक आरी भी खरीदी

श्रद्धा की डेडबॉडी के **35 टुकड़े** करके फ्रिज में रख दिए, रात में उन्हें छतरपुर के जंगलों में फेंकता रहा

**14 नवंबर 2022** को पुलिस ने आफताब को अरेस्ट किया, उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया



**9 मई 2023** को आफताब पर हत्या का आरोप तय किया गया, तभी से केस की सुनवाई चल रही है

### मोबाइल और पैसे ट्रांसफर करने से पकड़ में आया आफताब

आफताब शुरुआत में पुलिस को चकमा देता रहा। हालांकि बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करके फंस गया। मानिकपुर पुलिस ने 3 नवंबर 2022 को उसका लिखित बयान लिया, तब तक पुलिस केस पर काफी काम कर चुकी थी। उसके पास श्रद्धा के मोबाइल की लोकेशन और बैंक ट्रांसफर का डेटा था। श्रद्धा की हत्या 18 मई की रात करीब 10 बजे की गई थी, लेकिन उसका मोबाइल फोन 26 मई को बंद हुआ। पुलिस के मुताबिक 22 से 26 मई के बीच आफताब ने श्रद्धा के अकाउंट से अपने अकाउंट में 54 हजार रुपए ट्रांसफर किए थे।

### पुलिस के कब्जे में फ्लैट, मालिक की पिटीशन रद्द

श्रद्धा का मर्डर जिस फ्लैट में हुआ, वो अब तक पुलिस के कब्जे में है। केस प्रॉपर्टी होने की वजह से उसे मालिक को नहीं दिया जा रहा है। फ्लैट मालिक ने इसके लिए एक पिटीशन भी लगाई थी कि फ्लैट का मेंटेनेंस नहीं हो पा रहा है। फ्लैट को किराए पर न उठा पाने की वजह से लाखों का नुकसान हो चुका है। पुलिस ने फ्लैट न देने के पक्ष में तर्क दिया कि ये केस की अहम प्रॉपर्टी है। केस खत्म होने तक इसे नहीं देना चाहिए। कोर्ट ने पुलिस के तर्क को माना और फ्लैट मालिक की पिटीशन रद्द कर दी।


### श्रद्धा के टुकड़े किए, चेहरा जलाया, फिर टुकड़े जंगल में फेंकता रहा

आफताब और श्रद्धा पहली बार मुंबई में मिले थे। फिर साथ रहने लगे। 2019 में नयागांव में रहे। अक्टूबर 2020 में वसई में फ्लैट किराए पर लिया। दोनों जगह आफताब ने श्रद्धा को पत्नी बताया था। 8 मई 2022 को दोनों दिल्ली आए। यहीं छतरपुर में फ्लैट किराए पर लिया। 18 मई को झगड़े के बाद आफताब ने श्रद्धा का मर्डर कर दिया। लाश का चेहरा जलाया, जिससे कोई पहचान न सके। पूछताछ में उसने बताया कि श्रद्धा की लाश काटने के दौरान वो बीयर पीता रहा। जोमैटो से खाना मंगाकर खाता रहा। अगले 18 दिन तक रोज रात को 12 बजे निकलता और लाश के टुकड़े छतरपुर के जंगल में फेंक आता। कुछ हड्डियां बड़ी थीं, तो उन्हें ग्राइंड करके फेंका। आफताब ने कबूल किया है कि उसे श्रद्धा के शव के टुकड़े करने में करीब 10 घंटे लगे थे। उसने एक घंटे तक सभी टुकड़ों को पानी से धोया। इसके बाद पॉलिथीन में बंद कर फ्रिज में रख दिया।

प्रतिदिन राजधानी
मंगलवार 20 मई 2025

Sports News

## पहले से ज्यादा खर्चीली होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा, चीन ने 20 हजार तक बढ़ाया शुल्क



**एजेंसी,गंगटोक**

पांच वर्षों के अंतराल के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा होने जा रही है। हालांकि इस बार यात्रा पहले से खर्चीली होगी। चीन ने 17 से 20 हजार तक शुल्क बढ़ा दिया है। दरअसल, यात्रा दो मार्गों से होती है।?पहला उत्तराखंड का लिपुलेख मार्ग है और दूसरा नाथूला के रास्ते।

लिपुलेख मार्ग से यात्रा पर इस बार 1.84 लाख?रुपये खर्च होंगे, जिसमें 95 हजार चीन की फीस होगी। 2019 में 1.30 लाख रुपये खर्च होते थे। तब चीन का शुल्क 77 हजार रुपये था। दूसरी ओर नाथूला मार्ग से यात्रा की तैयारियां तेज हैं। इस मार्ग से यात्रा करने पर चीन प्रति यात्री 2.05 लाख रुपये वसूल करेगा। इस मार्ग से यात्रा पर कुल खर्च 2.84 लाख रुपये आएगा। दोनों मार्गों से 17000 से 25000 रुपये तक खर्चा बढ़ा है। सिक्किम सरकार बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाई है। विधायक थिनले शेरिंग भूटिया ने कहा कि राज्य की राजधानी गंगटोक और नाथू ला के बीच दो जलवायु अनुकूलन केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। पहले लिपुलेख से कैलाश मानसरोवर यात्रा में 20-21 दिन लगते थे जबकि इस बार 23 दिन लगेंगे। इसका कारण यात्रियों का दिल्ली में 12 दिन गुजारना शामिल है। सिर्फ नौ दिन तिब्बत में गुजरेंगे। वहीं नाथू ला से यात्रा में 25 दिन लगेंगे। पहले 23 दिन लगते थे। इस बार यात्री 10 दिन तिब्बत तो 15 दिन भारत में बिताएंगे।

कैलाश मानसरोवर यात्रा इस साल जून से शुरू हो रही है, जो कि अगस्त महीने तक जारी रहेगी। इस अवधि में लगभग 250 यात्रियों को दर्शन करने का मौका मिलेगा। यात्रियों का चयन कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के तहत होता है। मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स की आधिकरिक वेबसाइट द्धह्लह्लश्चह्य://द्मद्व4.द्द्श1.द्बठ्ठ पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण किया जाता है। हर साल आवेदन प्रक्रिया मार्च से अप्रैल माह तक चलती है। इस वर्ष पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि 13 मई रही। पंजीकरण के लिए पासपोर्ट और फिटनेस प्रमाणपत्र अनिवार्य होते हैं।

# आयात पर रोक से बांग्लादेश को 770 मिलियन डॉलर का झटका : जीटीआरआई

**एजेंसी,कोलकाता**

भारत द्वारा बांग्लादेश से आयातित कई वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाने के फैसले से पड़ोसी देश को लगभग 770 मिलियन डॉलर का झटका लगने वाला है, जो कि दोनों देशों के बीच कुल आयात का करीब 42 प्रतिशत है। यह जानकारी ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के ताजा विश्लेषण में सामने आई है। बांग्लादेश से वस्त्र, प्रसंस्कृत खाद्य और प्लास्टिक उत्पादों जैसे प्रमुख आयातित सामान अब केवल कुछ सीमित समुद्री बंदरगाहों से ही भारत में आ सकेंगे या फिर पूरी तरह भूमि सीमा से प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से 17 मई को जारी आदेश के अनुसार यह कदम भारत की व्यापार नीति में एक अहम मोड़ का संकेत है, जिसमें स्पष्ट रूप से राजनीतिक संदेश



छिपा है। जीटीआरआई ने कहा कि यह फैसला अचानक नहीं लिया गया है, बल्कि यह बांग्लादेश द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए प्रतिबंधों और चीन की ओर उसके कूटनीतिक झुकाव का जवाब प्रतीत होता है। बांग्लादेश से आयातित वस्त्र, जिसकी वार्षिक लागत करीब 618 मिलियन डॉलर है, अब केवल कोलकाता और न्हावा शेवा बंदरगाहों के माध्यम से ही भारत में प्रवेश कर सकेंगे। इससे बांग्लादेश की मुख्य भूमि व्यापार गलियारों तक पहुंच लगभग बंद हो जाएगी। यह निर्णय विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की सिफारिश पर लिया गया है और इसे भारत की एक रणनीतिक प्रतिक्रिया माना जा रहा है। दिसंबर 2024 से बांग्लादेश ने भारतीय वस्तुओं पर कई व्यापारिक प्रतिबंध लगाए हैं। अप्रैल में उसने पांच प्रमुख स्थल सीमा बंदरगाहों से भारतीय सूती धागे के आयात पर रोक लगाई । चावल के निर्यात पर कड़े नियंत्रण किए और तंबाकू, मछली और दूध पाउडर समेत दर्जनों भारतीय वस्तुओं पर रोक लगा दी। इसके अलावा, बांग्लादेश ने भारतीय कार्गो पर 1.8 टका प्रति टन प्रति किलोमीटर का ट्रांजिट शुल्क भी लगा दिया, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत और अधिक बढ़ गई। इन प्रतिबंधों से भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान हुआ और भारतीय व्यापार संगठनों में जवाबी कार्रवाई की मांग तेज़ हो गई। बांग्लादेशी बंदरगाहों पर देरी और सख्त जांच ने स्थिति को और बिगाड़ दिया। भारत ने 2020 में बांग्लादेश को दी गई एक अहम ट्रांजिट सुविधा नौ अप्रैल को रद्द कर दी।

# सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी का भी बढ़ा भाव

**एजेंसी,नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज सोने के भाव में 350 रुपये से लेकर 380 रुपये तक की तेजी दर्ज की गई है। इसी तरह चांदी भी आज एक हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगा हो गया है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये से लेकर 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 87,550 रुपये से लेकर 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की



कीमत 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 95,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 87,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 87,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 95,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 87,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 87,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## अब भारत में छोटे उद्योगों को लाभ; ब्रिटेन के साथ भारतीय परिधान का बढ़ेगा कारोबार

**एजेंसी,नईदिल्ली।** भारत की ओर से बांग्लादेश की कुछ वस्तुओं के आयात पर लगे प्रतिबंध से देश के छोटे और मझोले उद्योगों (एमएसएमई) को फायदा होगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटीव (जीटीआरआई) ने कहा, इस फैसले से घरेलू रेडीमेड गारमेंट उद्योग को अपनी प्रतिस्पर्धा बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत ने 17 मई को बांग्लादेश से 77 करोड़ डॉलर के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। यह द्विपक्षीय आयात का 42 फीसदी है। 61.8 करोड़ डॉलर मूल्य के रेडीमेड गारमेंट्स को अब केवल दो भारतीय बंदरगाहों के जरिये ही भेजा जा सकेगा। इससे बांग्लादेश के लिए सबसे मूल्यवान निर्यात चैनल पर गंभीर प्रतिबंध लग गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय कपड़ा कंपनियां लंबे समय से बांग्लादेशी निर्यातकों को मिल रही प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त का विरोध करती रही हैं,

## एलआईसी के नामित निदेशक राज कुमार आईडीबीआई बैंक के बोर्ड से बाहर




**एजेंसी,नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के नामित निदेशक राज कुमार 18 मई से भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आईडीबीआई) बोर्ड की सदस्यता से बाहर हो गए हैं। आईडीबीआई बैंक ने सोमवार को एक नियामक फाइलिंग में शेयर बाजार को बताया कि राज कुमार 18 मई को अपना कार्यकाल पूरा होने पर आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के बोर्ड की सदस्यता से बाहर हो गए हैं, जिससे वे एलआईसी में नामित निदेशक नहीं रहेंगे। सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) आईडीबीआई बैंक के प्रवर्तक हैं, जिनकी हिस्सेदारी 94.71 फीसदी है। एलआईसी के पास 49 फीसदी से थोड़ा अधिक हिस्सेदारी है, जिसमें सरकार की हिस्सेदारी 45.48 फीसदी है। आईडीबीआई बैंक भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक है। यह देश का चौथा सबसे बड़ा बैंक है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने इस बैंक को 'अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक' की श्रेणी में रखा है।

आईडीबीआई बैंक के शेयर आज बॉम्?बे स्?टॉक एक्?सचेंज (बीएसई) पर पिछले बंद भाव से 3.45 अंक यानी 4.01 फीसदी बढ़कर 89.46 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहे थे।

## स्टॉक मार्केट में वर्चुअल गैलेक्सी इंफोटेक की जोरदार एंट्री, प्रीमियम लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट




**एजेंसी,नई दिल्ली**

आईटी सर्विस देने वाली कंसल्टिंग फर्म वर्चुअल गैलेक्सी इंफोटेक के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। कंपनी के शेयर 142 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी एंट्री 26.76 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 180 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के तुरंत बाद खरीदारी के सपोर्ट से यह शेयर उछल कर 189 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को करीब 33.10 प्रतिशत का मुनाफा हो गया। वर्चुअल गैलेक्सी इंफोटेक का 93.29 करोड़ रुपये का आईपीओ 9 से 14 मई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 231.45 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 129.72 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 590.27 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 134.03 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 65.70 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी नागपुर में अतिरिक्त डेवलपमेंट फैसिलिटी सेटअप करने, पुराने कर्ज को चुकाने, डेटा सेंटर में सर्वर और स्टोरेज सिस्टम लगाने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी।

कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी को 40 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था ।

# एक्सिस बैंक ने भारतीय सेना और कॉमन सर्विस सेंटर ई-गवर्नेंस के साथ प्रोजेक्ट नमन के समर्थन में समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) 13 राज्यों में 25 भारतीय सेना दिग्गज निदेशालय स्थानों पर पेंशन प्रक्रियाओं को सुगम बनाने के लिए केंद्र स्थापित करेगा । रायपुर: भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने सेना के दिग्गजों और उनके परिवारों के लिए एक समर्पित पहल, प्रोजेक्ट नमन का समर्थन करने के लिए भारतीय सेना और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज़ इंडिया लिमिटेड के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल रणजीत सिंह, डीजी डीसी×डब्ल्यू; ब्रिगेडियर मंदीप सिंह, एसएम, ब्रिग, डीआईएवी; श्री मोहित जैन, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट - भारत बैंकिंग, एक्सिस बैंक और श्री हरीश ओबेरॉय, वाइस प्रेसिडेंट, सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज़ इंडिया लिमिटेड उपस्थित थे। इस परियोजना के तहत, एक्सिस बैंक सेना के दिग्गजों, युद्ध विधवाओं और




एनओके को आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए सुविधा केंद्रों की स्थापना का समर्थन करेगा। 2023 में शुरू किया गया प्रोजेक्ट नमन, रक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए डिजिटल पेंशन सिस्टम स्क्क्रु॥ (सिस्टम फॉर पेंशन एडमिनिस्ट्रेशन रक्षा) को लागू करने पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य रक्षा कर्मियों के लिए पेंशन संबंधी प्रक्रियाओं को सुगम बनाना है। इस साझेदारी के तहत, 13 राज्यों में 25 डीआईएवी स्थानों पर सीएससी स्थापित किए जाएंगे, जिनमें महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, पंजाब, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, असम, नगालैंड, राजस्थान और अन्य शामिल हैं। ये सुविधा केंद्र विभिन्न प्रश्नों और चिंताओं को संभालने के लिए सुसज्जित होंगे, जो राष्ट्र की सेवा करने वालों के लिए व्यापक समर्थन प्रदान करेंगे। प्रत्येक सीएससी केंद्र का प्रबंधन एक विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर द्वारा किया जाएगा, जिसे स्थानीय सैन्य प्राधिकरण द्वारा सेना के दिग्गजों या निकटतम परिजनों में से चुना जाएगा। सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज़ इंडिया लिमिटेड इन ङ्क्षरुञ्ज को शामिल करेगा और उन्हें दिग्गजों और उनके परिवारों की सेवा के लिए प्रशिक्षित करेगा। ये केंद्र स्क्क्रु॥-सक्षम पेंशन सेवाओं, सरकार-से-नागरिक सेवाओं, और व्यवसाय-से-उपभोक्ता (क्च2ष्ट) पेशकशों के लिए एकल-खिड़की मंच के रूप में भी कार्य करेंगे। इस साझेदारी के बारे में बोलते हुए, श्री मुनीश शारदा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, एक्सिस बैंक ने कहा, एक्सिस बैंक में, हमें भारतीय सेना और सीएससी ई-गवर्नेंस के साथ प्रोजेक्ट नमन का समर्थन करने के लिए साझेदारी करने का गहरा सम्मान है। यह सहयोग राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता और उन रक्षा कर्मियों के प्रति हमारी हार्दिक कृतज्ञता को रेखांकित करता है।

**न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर छ.ग.**

**// आम सूचना //**

संजीदा बेगम कुरैशी पिता अलाउद्दीन कुरैशी निवासी वार्ड क्र.08 तकिया पारा दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.202502112500011
अ/6 वर्ष 2024-25
ग्राम - आरंग प.ह.नं -29

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक (क्रेता) कविता आहूजा पति अशोक कुमार आहूजा निवासी वार्ड नं0 01 कॉलेज चौक आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर द्वारा ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. आरंग स्थित खसरा नं. 3413/4 का भाग रकबा 0.0330. (3564 वर्गफुट) भूमि खातेदार अखरजा बेगम कुरैशी पिता अलाउद्दीन कुरैशी वगैरह के नाम पर राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। खातेदार (विक्रेता) अखरजा बेगम कुरैशी पिता अलाउद्दीन करेशी वगैरह के द्वारा उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 08/02/2018 पुस्तक क्रमांक 1 ग्रन्थ क्रमांक 3131 में पृष्ठ 374 से 397 पर विलेख क्रमांक 2101 को आवेदक के नाम पर विक्रय विलेख निष्पादित किया गया है। विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक का नाम आवेदित भूमि पर दर्ज किये जाने हेतु प्रकरण भूईया मद में दर्ज कर इस न्यायालय में प्रकरण प्रारंभ किया गया।

जनहित में तहसीलदार आरंग के न्यायालय मे दिनांक 21/05/2025 में नियत तिथियो मे सुनवाई की जावेगी।

अतः अधिवक्ता एवं पक्षकारगण संजीदा बेगम कुरैशी पिता अलाउद्दीन कुरैशी निवासी वार्ड क्र.08 तकिया पार दुर्ग जिला दुर्ग उपरोक्त सूचना से अवगत होकर आगामी तिथि 21/05/2025 मे उपस्थित होने का कष्ट करे। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई एवं विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सीलमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार आरंग

**न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर छ.ग.**

**// आम सूचना //**

अखरजा बेगम कुरैशी पिता अलाउद्दीन कुरैशी निवासी राजातालाब रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क. 202502112500011
अ/6 वर्ष 2024-25
ग्राम - आरंग प.ह.नं -29

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक (क्रेता) कविता आहूजा पति अशोक कुमार आहूजा निवासी वार्ड नं. 01 कॉलेज चौक आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर द्वारा ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. आरंग स्थित खसरा नं. 3413/4 का भाग रकबा 0.033हे. (3564 वर्गफुट) भूमि खातेदार अखरजा बेगम कुरैशी पिता अलाउद्दीन कुरैशी वगैरह के नाम पर राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। खातेदार (विक्रेता) अखरजा बेगम कुरैशी पिता अलाउद्दीन कुरैशी वगैरह के द्वारा उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 08/02/2018 पुस्तक क्रमांक 1 ग्रन्थ क्रमांक 3131 में पृष्ठ 374 से 397 पर विलेख क्रमांक 2101 को आवेदक के नाम पर विक्रय विलेख निष्पादित किया गया है। विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक का नाम आवेदित भूमि पर दर्ज किये जाने हेतु प्रकरण भूईया मद में दर्ज कर इस न्यायालय में प्रकरण प्रारंभ किया गया।

जनहित मे तहसीलदार आरंग के न्यायालय मे दिनांक 21/05/2025 में नियत तिथियो में सुनवाई की जावेगी।

अतः अधिवक्ता एवं पक्षकारगण अखरजा बेगम कुरैशी पिता अलाउद्दीन कुरैशी निवासी राजातालाब रायपुर तहसील व जिला रायपुर उपरोक्त सूचना से अवगत होकर आगामी तिथि 21/05/2025 मे उपस्थित होने का कष्ट करे। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई एवं विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सीलमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार आरंग

**न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर छ.ग.**

**// आम सूचना //**

शहीदा बेगम कुरैशी पिता अलाउद्दीन कुरैशी निवासी म.क्र. 159 मौली पारा पेण्डा तहसील फिंगेश्वर जिला गरियाबंद (छ.ग.)

रा.प्र.क. 202502112500011
अ/6 वर्ष 2024-25
ग्राम - आरंग प.ह.नं -29

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक (क्रेता) कविता आहूजा पति अशोक कुमार आहूजा निवासी वार्ड नं. 01 कॉलेज चौक आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर द्वारा ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. आरंग स्थित खसरा नं 3413/4 का भाग रकबा 0.033हे. (3564 वर्गफुट) भूमि खातेदार अखरजा बेगम कुरैशी पिता अलाउद्दीन कुरैशी वगैरह के नाम पर राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। खातेदार (विक्रेता) अखरजा बेगम कुरैशी पिता अलाउद्दीन कुरैशी वगैरह के द्वारा उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 08/02/2018 पुस्तक क्रमांक 1 ग्रन्थ क्रमांक 3131 मे पृष्ठ 374 से 397 पर विलेख क्रमांक 2101 को आवेदक के नाम पर विक्रय विलेख निष्पादित किया गया है। विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक का नाम आवेदित भूमि पर दर्ज किये जाने हेतु प्रकरण भूईया मद में दर्ज कर इस न्यायालय मे प्रकरण प्रारंभ किया गया।

जनहित में तहसीलदार आरंग के न्यायालय मे दिनांक 21/05/2025 में नियत तिथियों में सुनवाई की जावेगी।

अतः अधिवक्ता एवं पक्षकारगण शहीदा बेगम कुरैशी पिता अलाउद्दीन कुरैशी निवासीं म.क्र. 159 मौली पारा पेण्डा तहसील फिंगेश्वर जिला गरियाबंद उपरोक्त सूचना से अवगत होकर आगामी तिथि 21/05/2025 में उपस्थित होने का कष्ट करे। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई एवं विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सीलमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार आरंग

# वी ने लॉन्च किया नया कैंपेन: 6 महीनों में 1,00,000 से अधिक टॉवर्स के एडिशन को किया हाईलाईट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज वित्तीय वर्ष 24-25 के 6 महीनों के दौरान देश भर में 1,00,000 से अधिक टावर्स शामिल करने की उल्लेखनीय उपलब्धि का जश्न मनाते हुए अपने नए कैंपेन का अनावरण किया। यह उपलब्धि नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने तथ नेटवर्क का पैमाना और स्पीड बढ़ाने की वी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

बड़े ही रोमांचक एवं मनोरंजक अदांज़ में अपने नेटवर्क विस्तार पर रोशनी डालते हुए यह कैंपेन वी के नए नेटवर्क अवतार- द नेटीज़ लेकर आया है- एनीमेटेड कैरेक्टर्स का यह सेट मोबाइल टावर्स से प्रेरित है। आईपीएल के उत्साह के बीच ये अवतार क्रिकेट खिलाड़ियों की डायनामिक टीम के रूप में पेश किए गए हैं, सीज़न की सबसे मजबूत टीम का प्रतीक हैं। मस्ती और जोश से भरपूर यह टीम यादगार तरीके से नेटवर्क क्रेडेन्शियल्स को जीवंत करते हुए वी के विकसित होते नेटवर्क की क्षमता, पैमाने और फुर्ती का प्रतिनिधित्व करती है।

हाल ही के महीनों में वी ने अपने नेटवर्क के विस्तार में तेज़ी से प्रगति की है। इसने मुंबई, चण्डीगढ़ और पटना में 5त्र सेवाओं का लॉन्च किया और जल्द ही दिल्ली एवं




बैंगलोर में भी लॉन्च के लिए तैयार है। साथ ही वी ने 900 रू॥5, 1800 रू॥5, 2100 रू॥5, 2300 रू॥5 स्पैक्ट्रम बैण्ड्स पर नए टॉवर्स एवं अपग्रेड्स के माध्यम से क्षमता और कवरेज बढ़ाते हुए अपने 4त्र नेटवर्क को भी मजबूत बनाया है। इस विस्तार के परिणामस्वरूप उपभोक्ता बेहतर इंडोर एवं आउटडोर कवरेज, फास्ट डेटा स्पीड एवं व्यापक सर्विस फुटप्रिन्ट का लाभ उठा सकते हैं- 4त्र का सशक्त अनुभव अब 1.07 बिलियन उपभोक्ताओं तक पहुंच गया है।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए अवनीश खोसला, चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर, वी ने कहा, ''हमारे नेटवर्क का विस्तार सिर्फ पैमाने के बारे में नहीं है बल्कि स्मार्ट और स्ट्रैटेजिक डिप्लॉयमेन्ट के बारे में भी है। ज़्यादा भीड़भाड़ वाले इलाकों को प्राथमिकता देकर, अपनी स्पैक्ट्रम दक्षता का लाभ उठाकर और गुणवत्तापूर्ण इंडोर अनुभव पर फोकस कर हम भविष्य के लिए तैयार उच्च परफोर्मेन्स वाला नेटवर्क उपलब्ध कराते हैं। छह महीनों में एक लाख टॉवर शामिल करना और सर्वश्रेष्ठ 4त्र अनुभव के लिए मान्यता मिलना निरंतर उच्च गुणवत्ता की कनेक्टिविटी के साथ उपभोक्ताओं को बेजोड़ सेवाएं प्रदान करने की वी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'

इस अवसर पर रोहित दूबे, सीनियर ईसीडी, ओगिल्वी ने कहा, ''वी के लिए इस फिल्म को तैयार करते समय हमने इस बात को ध्यान में रखा कि हर कम्युनिकेशन दर्शकों में खुशी का संचार करे। इसीलिए हमने टेकनिकल स्टोरी को बयां करने के लिए एनिमेशन को चुना। यह फिल्म टेलीकॉम टावर्स को टीममेट्स में बदलते हुए दिखाती है कि किस तरह से हमारा मजबूत नेटवर्क, एक बेहतरीन क्रिकेट टीम की तरह कभ कमज़ोर नहीं पड़ता, फिर चाहे गेंद हो या सिगनल। एक लाख नए टॉवर और एक मजबूत टीम। यह हमारा सबसे मजबूत पक्ष है।'

360 डिग्री कैंपेन की अवधारणा ओगिल्वी इंडिया द्वारा तैयार की गई है, जिसमें दो टीवी विज्ञापन फिल्माए गए हैं। यह कैंपेन 17 मई से लाईव होगा और इसे टीवी, ओटीटी, रेडियो, सोशल मीडिया एवं यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स पर प्रोमोट किया जाएगा।

टाइए पहले टीवी विज्ञापन पर डालें जो आज से लाईव हो रहा है

टीवीसी 1: द कैच: यह फिल्म दर्शाती है कि किस तरह नैटीज़ गेंद के कल्पनीय कैच के साथ दिन को बचा लेते हैं, जिस पर स्टेडियम से बाहर छक्के के लिए शॉट लगाया जाता है। फिल्म देखने के लिए नीचे दिए गए लिंक पर जाएं।

Pratidinrajdhani.in

Daily Morning Newspaper & Webportal

E Paper Also Available

Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

दैनिक
प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार

आम ईश्तहार, खरीदी बिक्री,
नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस

संपर्क करें:
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )
62629 04444
ई-मेल : pratidincg@gmail.com
E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in

विज्ञापन एजेंसियां

अतुल पब्लिसिटी
हलवाई लेन, रायपुर, फोन 2223699, 2539578, 94252 11222

एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन
13 14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1, रायपुर, मो. 99811-30300

अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी
समवेद शिखर कॉम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर
फोन :2224371, 2537569,94242-01700

ए.एस. एसोसिएट्स
प्रथम तल, आनंद भवन गुरुनानक चौक, रायपुर
मो. 93020-77741, 98271-62101

माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस
डॉ. नायडू कॉम्पलेक्स, जेल रोड, वेवीलॉन इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

प्रयास एडवरटाइजर्स
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य साईं प्लाजा, लेंड्रिकल हॉस्पिटल, पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर, रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंड्री शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

राजेश पब्लिसिटी
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

सुमीत एडवरटाइजर्स
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4031319, मो. 98261-61116, 98267-08989

शिवम् पब्लिसिटी
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-9329100268

चित्रांश पब्लिसिटी
24, प्रथम तल, चित्रेश कॉम्पलेक्स शास्त्री बाजार, रायपुर
मो. 94252 04920, फोन : 2234944, 2582595

देव एड एजेंसी
आशीर्वाद टॉवर, राज टॉकीज, रायपुर , फोन नं. 2537897
मो. 7987854705, 98268 77609

खन्ना एडवरटाइजर्स
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

ए.के. एडवरटाइजर्स
चिमन प्लाजा, लिबास टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

मीतनिशा एडवरटाइजिंग
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

अनिश एड.
बादल हाउस के पास, शंकर नगर, रायपुर
मो. 93021-19222, 9303119222

श्रीराम एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग रायपुर ब्रांच
403 चौथी मंजिल मैग्नेटो, जीई रोड, रायपुर
फोन नं. 0771 4055015

# आसमान से बरस रही आग गर्म हवाओं के थपेड़े ने किया परेशान

**बलरामपुर,प्रतिदिन राजधानी**

इन दिनों सूर्य की तल्ख किरणें मानो आसमान से आग बरसा रही है। जैसे-जैसे दिन चढ़ता है, गर्मी प्रचंड रूप लेती जाती है। दोपहर के समय तो बाहर निकलने पर गर्म हवाओं के थपेड़े जनमानस को झुलसा रहे हैं। भीषण गर्मी के चलते सड़के तवे की तरह तप रही है। झुलसाती गर्मी में आसमान से आग बरसने का एहसास हो रहा है जिससे लोगों के हाल बेहाल हो रहे हैं। गर्म हवा के थपेड़ों के बीच लू लगने की आशंका बढ़ गई है।

अंचल सहित जिले भर में भीषण गर्मी का सिलसिला जारी है। दिन निकलने के घंटे दो घंटे बाद सूर्य आग उगलता हुआ सा नजर आता है। सुबह 10 बजे से सड़के तपने लगती हैं। चिलचिलाती धूप होने से दिन भर तपिश का अहसास बना रहता है। वातावरण में उमस व गर्म बनी रहने से पंखे भी गर्म हवा फेक रहे हैं। जरूरी काम से घरों से बाहर निकले लोगों को गर्म हवा के थपेड़ों से परेशानी महसूस हो रही है। एक सप्ताह से पड़ रही प्रचंड गर्मी से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। मई माह में आग बरसती तेज धूप और भट्टी की तरह तपती गर्म हवा के असर से हर कोई हलाकान हो गया है और लोग अभी से ही बेचौनी महसूस करने लगे है।



इस साल तपाएगा नौतपा जानकारों के अनुसार, इस साल नौतपा की शुरुआत 25 मई से होगी, जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेगा। यह अवधि नौ दिनों तक चलेगी और इसका समापन 8 जून को होगा, जब सूर्य मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। वैसे तो नौतपा के शुरुआती 9 दिन सबसे गरम होते हैं, लेकिन ये 15 दिन की अवधि होती है, जिसमें सबसे अधिक भीषण गर्मी पड़ती है। यह नौ दिन प्रकृति के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवधि मानी जाती है। क्योंकि इस दौरान धरती सूर्य की तेज ऊष्मा को अवशोषित करती है, जो आगे चलकर मानसून के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करती है।

तय समय पर रहेगा मानसून

मौसम विभाग के अनुसार, इस साल मानसून 18 जून तक प्रदेश में दस्तक दे सकता है। इससे पहले हो रही तमाम बारिश प्री-मानसून का एक रूप है। दक्षिण पश्चिम मानसून आगे बढ़ते हुए दक्षिण अरब सागर, मालदीव के कुछ भाग, कोमरान क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और अंडमान सागर तक पहुंचेगा। मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां फिलहाल अनुकूल बनी हुई हैं। रामानुजगंज सीएचसी के एमओ शाकिंदर गुप्ता ने सोमवार को बताया कि, अत्यधिक गर्मी में लू (तापघात) की संभावना जानलेवा हो सकती है। लू से बचाव के लिए धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीला सूती वस्त्रो का प्रयोग करें। भोजन करके एवं पानी पीकर ही बाहर निकले। गर्मी के मौसम में कान व सिर को गमछे या तौलिए से ढककर ही धूप में निकले। रंगीन चश्में व छतरी का प्रयोग करें। गर्मी में हमेशा पानी अधिक मात्रा में पिए एवं पेय पदार्थों का अधिक से अधिक मात्रा में सेवन करें।

## सार-समाचार

### संडे ऑन साइकिल का जारी रखा फिट इंडिया अभियान



**भिलाई,** प्रतिदिन राजधानी । रविवार 18 मई को भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित संडे ऑन साइकिल अभियान के तहत इस्पात नगरी भिलाई में बीएसपी साइकिलिंग क्लब, बीएसपी साइकिल पोलो क्लब ,साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ एवं ओए-बीएसपी के संयुक्त तत्वावधान में लगातार 10वें सप्ताह इस साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भिलाई के लगभग 100 से अधिक प्रतिभागियों ने साइकिलिंग की। इस साइकिल रैली में समाज के सभी आयु वर्ग के बच्चों, महिलाओं एवं पुरूषों ने भाग लिया। इस का शुभारंभ प्रात: 7.00 बजे प्रगति भवन से किया गया है तथा पी के शर्मा, डायरेक्टर मां सारदा विद्यालय एवं अनिकेत चंद्रा, पूर्व महासचिव, ओए-राउरकेला ने हरी झंडी दिखाकर इस सायकल रैली को रवाना किया। यह आयोजन भिलाई साइकलिंग क्लब के अध्यक्ष तथा सेफी,चेयरमेन नरेंद्र कुमार बंछोर, बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष एवं ओए-बीएसपी के महासचिव परविन्दर सिंह के नेतृत्व में किया गया । संडे ऑन साइकिल के इस मुहिम में श्री अनुप कुमार दत्ता, सीजीएम ओएचपी एंड एसपीस ने भी साइकल चलाकर अपनी सहभागिता दी। इस में दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन सदस्य प्रवीण यदु, एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या, साइकिल पोलो कोच विकास कुमार, पूर्व सीजीएम टाउनशिप एस वी नंदनवार, राजेन्द्र जोशी, विजय पांडेय एवं गौतम तथा बड़ी संख्या में बालक-बालिकाओं ने भाग लिया।

### भिलाई निगम ने निकाला विश्व डेंगू दिवस पर जागरूकता रैली

**भिलाई,** प्रतिदिन राजधानी। शासन के मंशानुरूप राष्ट्रीय डेंगू दिवस 2025 की थीम अनुसार डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में जोन 01 के वार्ड 07 राधिका नगर अंतर्गत रैश्ने आवास, जोन 02 के वार्ड 27 शास्त्री नगर अंतर्गत मेहमान कोल डिपो एवं आंगन बाड़ी के आसपास श्रमिक बस्ती, जोन 03 के वार्ड 33 संतोषी पारा में एसएलआरएम सेंटर के पीछे हुडको क्वार्टर में आम नागरिकों में जन समुदाय में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से डेंगू रोधी नारों के साथ रैली निकालकर तथा अपने शहर में स्वच्छता को अपनाते हुए डेंगू मुक्त शहर बनाने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित मितानिन प्रेरक, मितानिनों एवं जन समुदाय से उपस्थिति महिला समूह के सदस्यों को मानसून पूर्व एवं मानसून के दौरान निरंतर मच्छर लार्वा स्रोत अर्थात अपने घर के कूलर, पानी टंकी, ड्रम, कंटेनर वगैरह देखने, इसे साफ करके सूखाकर ही पुन: उपयोग में लाने, घर में संग्रहित पानी पात्र को ढककर रखने, निवास स्थान के आसपास स्थित नाली के जमाव पानी में जला आयल डालने, अपने घर के बाड़ी व बाग, बगीचों में रखे अनुपयोगी कबाड़ सामान जैसे टायर, टूटे-फूटे बर्तन, डिस्पोजल इत्यादि को वर्षा पूर्व तत्काल हटा लेने जैसी स्वास्थ्य शिक्षा दी गई एवं आस पड़ोस में रहने वाले रहवासियों को भी जागरूक करने हेतु समझाइश दी गई। इस संपूर्ण कार्यक्रम में निगम के सर्वेलेंस विशेष दस्ता से वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक केके सिंह अपनी टीम के साथ, जिला मलेरिया विभाग के सर्वेलेंस टीम से मोहन राव, राजकुमार मर्सकोले, उमेश कपूर जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारे अपने मैदानी स्वास्थ्य अमले के साथ एवं स्वास्थ्य सेवाओं में संलग्न मितानिन प्रेरक रजनी साहू तथा समस्त मितानिनों खिलेश्वरी साहू, अनीता यादव, रंजीता वर्मा, मधु साहू, सुनीता साहू, उमा पाटिल, सविता डाकोरे, निर्मला देवांगन, सरोज साहू, सुमुंद साहू, भुनेश्वरी साहू एवं जन समुदाय से उपस्थित महिला समूह के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# ग्राम भगवानपुर में सुशासन तिहार 2025 के तहत विशेष शिविर संपन्न, 1248 आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण

**एमसीबी,प्रतिदिन राजधानी**

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विकासखंड भरतपुर के ग्राम भगवानपुर में सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा रहा। शिविर की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई, दीप प्रज्वलन के पश्चात जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। शिविर में शासन की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। प्रशासन द्वारा प्राप्त कुल 1419 आवेदनों में से 1248 का त्वरित निराकरण किया गया, जबकि 171 आवेदन प्रक्रियाधीन बताए गए। ग्रामीणों को बताया गया कि यह शिविर न केवल जानकारी देने का माध्यम है, बल्कि समस्याओं के तत्काल समाधान का भी एक मंच है। शिविर में घघरा, अक्तवार, भगवानपुर, नेरूआ, दुधांसी, बरौता, खोटरा, कुदरा-प के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में जनपद पंचायत द्वारा हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया जिसमें संतोषी कोल, शोभा बाई गोंड, रजनी, राममनोहर, सुखमती सिंह, मानमती, राम सिंह, बसंत जोगी, प्रेमिया सिंह, विभामती सिंह, फूल कुवर सिंह एव सम्पतिया सिंह को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गए। शिविर में जिला पंचायत सदस्या अनिता चौधरी जनपद सदस्या राजकली बैगा, सविता सिंह, आरती, सरपंच फुलेश्वरी बाई, उप सरपंच ज्योति सिंह, जिला पंचायत सदस्या सुखमंती सिंह, युवा मोर्चा के अध्यक्ष कुलदीप तिवारी ,उपाध्यक्ष ज पं. भरतपुर हीरा लाल मौर्य, मण्डल अध्यक्ष जनकपुर नरेश यादव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष पवन शुक्ला, आदित्य गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि दुर्गा प्रसाद मिश्र, पूर्व मण्डल अध्यक्ष राजा राम जी, मण्डल अध्यक्ष कोटाडोल मनोज गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष कुवारपुर प्रदीप सिंह, रवि शंकर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने शिविर की सफलता में सक्रिय भूमिका निभाई और ग्रामीणों की समस्याओं का यथासंभव समाधान सुनिश्चित किया।




# रानी अहिल्याबाई की वीरता को भाजपा ने जन जन तक पहुंचाया : विजय बघेल



**भिलाई ,प्रतिदिन राजधानी**

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय प्रियदर्शिनी परिसर भिलाई में पुण्य लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण उपरांत सांसद विजय बघेल एवं संदीप शर्मा का गजमाला से स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय, विधायक रिकेश सेन, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, जिला संगठन प्रभारी संदीप शर्मा, खादी ग्रामोद्योग अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, बृजेश बिचपुरिया, रवि शंकर सिंह, वरिष्ठ नेता प्रभुनाथ मिश्रा, शंकर लाल देवांगन, प्रेमलाल साहू, बिजेंद्र सिंह, अमित मिश्रा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष, भोजराज सिन्हा, दया सिंह, विनोद सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। सांसद विजय बघेल ने कहा कि अदम्य साहस और नारी शक्ति की प्रतीक लोकमाता अहिल्या बाई होलकर को पूर्व की सरकार ने भुला दिया था। 300 वर्ष पूर्व उनका जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर के चौड़ी गांव में हुआ था। उनके कार्यकाल में अनेक कार्य किये गये।

# समाधान शिविर में पुलिस विभाग की गैरमौजूदगी के मामले ने पकड़ा तूल

**बलरामपुर,प्रतिदिन राजधानी**

बीते दिनों बलरामपुर जिले के राजपुर नगर पंचायत क्षेत्र में आयोजित समाधान शिविर में पुलिस विभाग की गैरमौजूदगी का मामला अब तूल पकड़ता नजर आ रहा है। विधायक द्वारा सार्वजानिक मंच से जताई गई नाराजगी के बाद अब पत्राचार का दौर शुरू हो गया है। पुलिस विभाग का कहना है कि, उन्हें शिविर के संबंध में नगर पंचायत की ओर से कोई सूचना नहीं दी गई और अब पुलिस विभाग ने इस विषय में एसडीएम को पत्र लिखकर अवगत कराया है। उल्लेखनीय है कि 15 मई को सुशासन तिहार के तहत राजपुर नगर पंचायत क्षेत्र के सब्जी बाजार के समीप समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में सभी विभाग मौजूद थे लेकिन पुलिस विभाग से कोई अधिकारी मौजूद नहीं था और ना ही वहां उनका कोई स्टॉल लगाया गया था। यही, वजह है कि कार्यक्रम के दौरान विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने सार्वजनिक मंच से नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि, समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी यहां स्टॉल लगाकर मौजूद हैं परंतु पुलिस विभाग नदारद है। समाधान शिविर पुलिस थाना के नाक के नीचे हो रहा है ऐसे में पुलिस विभाग का न होना समझ से परे है। मेरे बुलाने के बाद पुलिस विभाग के कर्मचारी यहां नहीं आए यह ठीक नहीं है। विधायक के इस बयान के बाद पुलिस महकमें में हडकंप मच गया है।

अब इस मामले में पुलिस विभाग की ओर से राजपुर थाना प्रभारी ने आज सोमवार को एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर को पत्र लिखकर इस बड़ी चूक के बारे में अपना पक्ष रखा है। पुलिस विभाग का कहना है कि, उक्त समाधान शिविर 22 मई को होना था लेकिन अचानक ही समय में परिवर्तन कर 15 मई को शिविर लगाया गया। इस दौरान तिथि में परिवर्तन की सूचना उन्हें नगर पंचायत की ओर से नहीं दी गई। पुलिस विभाग ने 15 मई के समाधान शिविर को लेकर जारी किए गए पत्र को साझा करते हुए बताया कि, उक्त शिविर के लिए 12 विभागों को सूचना दी गई लेकिन उसमें पुलिस विभाग का कोई उल्लेख नहीं है।

बिना पुलिस को सूचना दिए ही नगर पंचायत में शिविर लगा लिया गया। इधर इस मामले में नगर पंचायत सीएमओ रविन्द लाल का कहना है कि, समाधान शिविर में पुलिस विभाग के साथ ही सभी विभागों को स्टॉल आवंटित किया गया था। अगर पुलिस विभाग को इसकी सूचना नहीं मिल पाई तो इसकी जांच करवाता हूं लेकिन जिस स्थान पर समाधान शिविर लगा उससे कुछ ही दूरी पर थाना था। अब इस मामले में राजपुर एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर ने बताया कि, नपं उपाध्यक्ष और जनप्रतिनिधियों ने समाधान शिविर की तिथि बदलने की मांग की गई थी।

## मनोरंजक गतिविधियों और ज्ञानवर्धक सवालो के बीच उठाया रंगारंग कार्यक्रम का आनंद

**कोरबा,प्रतिदिन राजधानी**

सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत कोरबा के घंटाघर ऑडिटोरियम, परिसर के चौपाटी में जनसंपर्क विभाग के माध्यम से एक दिवसीय विशेष इवेंट का आयोजन किया गया। आम नागरिकों से प्रत्यक्ष रूबरू होकर उनसे मनोरंजक गतिविधियों में शामिल किया गया। ज्ञानवर्धक सवाल भी पूछे गए और सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इस आयोजन में आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना, लाभार्थियों से संवाद स्थापित करना और सुशासन तिहार को जनसामान्य में प्रसारित करना था।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र.-5, रायपुर

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्र. 858/ जोन क्र. 5/ लो.क.नि. / 2025 — रायपुर, दिनांक 19.05.2025

**एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'द' से प्रवर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यों हेतु सीलबंद निविदायें तीन लिफाफा पद्धति में दिनांक 09.06.2025 तक को 4:00 बजे तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्रमांक 5 में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये दिनांक 26.05.2025 तक आवेदन के साथ निर्धारित निविदा प्रपत्र की राशि जमा करने के पश्चात् प्राप्त किये जा सकेंगे। दिनांक 27.05.2025 तक निविदा प्रपत्र जारी होंगे। प्राप्त निविदाये दिनांक 09.06.2025 को सांय 05:00 बजे खोली जावेगी।**

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) | अमानत राशि (रूपये) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये) | कार्य की अवधि | एस.ओ.आर. नॉन एस.ओ.आर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन क्र. 5 अंतर्गत नलकूपों को सुचारू रूप से चलाने बाबत् सबमर्सिबल 1 पावर पंप क्रय कार्य। | 3.76 | 6000/- | 750/- | 1 माह | NON S.O.R. |
| 2 | जोन क्र. 5 अंतर्गत जल विभाग के लिए विभिन्न सामग्री क्रय कार्य। | 3.71 | 6000/- | 750/- | 1 माह | NON S.O.R. |

शर्ते - 1. निविदा के दस्तावेज रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।

2. कार्य से संबंधित अन्य जानकारी एवं शर्ते कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 5 से प्राप्त की जा सकती है।

घरों से निकलने वाले गिला और सूखा कचरों को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

जोन कमिश्नर
जोन क्र. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर














# हड्डियों तक फैला बाइडन को हुआ कैंसर

## हर 100 में से 13 पुरुषों के पीड़ित होने की रहती है आशंका, ये कितना गंभीर?

**नई दिल्ली।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित हैं। बाइडन के दफ्तर की तरफ से जारी हालिया बयान के मुताबिक, बाइडन को पिछले हफ्ते 'आक्रामक तरह' के प्रोस्टेट कैंसर का पता चला, जो कि उनकी हड्डियों तक फैल चुका है। इस समस्या का पता लगने के बाद अमेरिका के मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से लेकर पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने संवेदना प्रकट की है और बाइडन को मजबूत नेता करार दिया है।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर बाइडन को जो कैंसर हुआ है, वह कितना गंभीर है? इसके लक्षण क्या हैं? यह कितना खतरनाक है? इसके इलाज का तरीका क्या है? बाइडन इससे पहले कब इस तरह की गंभीर बीमारी से पीड़ित हो चुके हैं? आइये जानते हैं...

### पहले जानें- प्रोस्टेट कैंसर क्या है?

प्रोस्टेट कैंसर की समस्या प्रोस्टेट से जुड़ी है। यह मुख्यतः पुरुषों को प्रभावित करता है। पुरुषों में प्रोस्टेट ग्रंथि ब्लैडर (मूत्राशय) के ठीक नीचे और मलाशय के ठीक सामने होती है। यह ग्रंथि एक ऐसे तरल पदार्थ को छोड़ती है, जो कि वीर्य के साथ मिलता है। इससे पुरुषों में पाए जाने वाले शुक्राणु स्वस्थ रहते हैं। यही शुक्राणु महिलाओं में गर्भधारण को संभव बनाते हैं।

आमतौर पर प्रोस्टेट कैंसर जब बढ़ना शुरू होता है, तो यह प्रोस्टेट ग्रंथि को प्रभावित करता है। हालांकि, यहां यह ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा पाता। हालांकि, कुछ प्रोस्टेट कैंसर (जैसे कि बाइडन के मामले में) आक्रामक हो सकते हैं और तेजी से शरीर के अन्य अंगों और हड्डियों में भी पहुंच सकते हैं।

### बाइडन को कैसे लगी प्रोस्टेट कैंसर की जानकारी?

चौंकाने वाली बात यह है कि 2015 में जो बाइडन के एक बेटे- ब्यू बाइडन की कैंसर के चलते ही मौत हो गई थी। बाइडन के लिए यह घटना इतनी दुख देने वाली रही कि कई वर्षों तक उन्होंने इस मुद्दे पर बात तक नहीं की। हालांकि, अब 10 वर्ष बाद वे खुद इससे पीड़ित हो गए हैं। बाइडन की टीम के मुताबिक, पूर्व राष्ट्रपति को पिछले हफ्ते ही प्रोस्टेट में एक गांठ का पता चला, जिससे उनकी मूत्र संबंधी समस्याएं बढ़ गई थीं। जांच के आधार पर पता लगा कि उनकी बीमारी हड्डियों तक फैल गई है। हालांकि, भले ही यह बीमारी अधिक आक्रामक है, लेकिन यह हार्मोन-संवेदनशील भी है। इसका प्रभावी प्रबंधन किया जा सकता है।

प्रोस्टेट नोड्यूल की खोज के बाद बाइडन के कई मेडिकल परीक्षण किए गए। परीक्षणों के दौरान ग्लीसन स्कोर 9 (ग्रेड ग्रुप 5) पाया गया। इससे बाइडन को उच्च श्रेणी का कैंसर होने की पुष्टि हुई। यह हड्डी में फैलने का यानी मेटास्टेसिस का संकेत देता है। उनका परिवार इलाज के तरीकों पर डॉक्टरों से परामर्श कर रहा है। बताया जाता है कि मेटास्टेसाइज्ड कैंसर (कई अंगों में फैले) कैंसर का इलाज लोकलाइज्ड (एक स्थान पर फैले) कैंसर के इलाज से मुश्किल होता है। क्योंकि





लोकलाइज्ड कैंसर से उलट इसमें दवाओं का सभी ट्यूमर्स तक पहुंचना मुश्किल होता है, जिससे बीमारी को पूरी तरह खत्म करना भी समस्या बन जाता है।

जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के मेडिकल ओन्कोलॉजिस्ट ओटिस ब्रॉली के मुताबिक, अगर किसी का ग्लीसन स्कोर 6 है तो यह आमतौर पर दूसरे अंगों में फैलने लायक यानी मेटास्टैटिक नहीं होता। लेकिन अगर यह स्कोर 7, 8 या 9 या 10 आता है, तो यह मेटास्टैटिक हो सकता है। कोशिकाएं जितनी असामान्य होंगी, उनके दूसरी कोशिकाओं तक फैलने और घातक होने की उतनी ही ज्यादा आशंका होगी।

### कितना सामान्य है प्रोस्टेट कैंसर?

प्रोस्टेट कैंसर को पुरुषों में होने वाले कैंसर में सबसे सामान्य माना जाता है। खासकर बुजुर्गों में इसके होने की आशंका सबसे ज्यादा रहती है। स्किन कैंसर के बाद यह पुरुषों को प्रभावित करने वाली दूसरी बड़ी वजह है। अमेरिके सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के मुताबिक, हर 100 में से 13 पुरुष अपने जीवन के किसी न किसी पड़ाव पर इस तरह के कैंसर का सामना करते हैं। कैंसर से होने वाली मौतों में प्रोस्टेट कैंसर भी बड़ी वजह बनता है।

2021 में अमेरिका में प्रोस्टेट कैंसर के 2 लाख से ज्यादा मामले दर्ज हुए थे। 2025 तक इनके 3 लाख से ज्यादा केस आने की आशंका है। अकेले अमेरिका में इस कैंसर की वजह से हर साल 36 हजार लोगों की मौत हो जाती है। हालांकि, जहां 65 साल से कम उम्र के लोगों के बचने की संभावना 98 फीसदी तक है, वहीं 80 के ऊपर के लोगों की जान बचने की संभावना 85 फीसदी से कम होती जाती है। इतना ही नहीं, अगर प्रोस्टेट कैंसर मेटास्टैसिस (जैसा कि बाइडन को हुआ है) की स्टेज तक पहुंच गया है तो पांच साल के अंतराल में जान बचने की संभावना 30-40 प्रतिशत तक रह जाती है।

### क्या है प्रोस्टेट कैंसर का इलाज?

मैसाच्युसेट्स जनरल ब्रिघम कैंसर सेंटर के डॉ. मैथ्यू स्मिथ के मुताबिक, हाल के दशकों में प्रोस्टेट कैंसर के इलाज में काफी सुधार हुआ है। इलाज के माध्यम से मरीज चार-पांच साल या उससे अधिक समय तक जीवित रह सकते हैं। स्मिथ ने कहा- इसका इलाज तो किया जा सकता है पर इसे ठीक नहीं किया जा सकता।

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के लिए उन दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है जो शरीर में हार्मोन के स्तर को नियंत्रित करती हैं और कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि को धीमा करती हैं। ज्यादातर पुरुषों का इलाज दवाओं से किया जा सकता है। हालांकि, कुछ स्थितियों में रेडिएशन, सर्जरी और अन्य प्रकार के उपचार का इस्तेमाल किया जा सकता है।



## ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के बीच संबंधों की नई शुरुआत, ब्रेक्जिट के पांच साल दोनों के बीच नए समझौते

**लंदन।** ब्रिटेन सरकार ने सोमवार को बताया कि उसने यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ नए समझौते किए हैं, जिनका मकसद सुरक्षा सहयोग बढ़ाना, खाद्य व्यापार और सीमा जांच को आसान बनाना है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि ये समझौते कागजी झंझट (रेड टेप) को कम करेंगे, ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को बढ़ाएंगे और 2020 में ईयू से बाहर निकलने (ब्रेक्जिट) के बाद से ब्रिटेन और ईयू के संबंधों को दोबारा मजबूत करेंगे।

### नए समझौतों में क्या है

ब्रिटेन को यूरोपीय संघ के रक्षा ऋण कार्यक्रम तक पहुंच मिलेगी, जो 150 अरब यूरो (करीब 170 अरब डॉलर) का है। जानवरों और पौधों से जुड़े उत्पादों पर कुछ सीमा जांच हटाई जाएंगी, ताकि खाद्य व्यापार आसान हो सके। ईयू की मछली पकड़ने वाली नावें ब्रिटेन के समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ सकेंगी। यह अनुमति 12 साल के लिए बढ़ा दी गई है।

## रूस ने एमनेस्टी इंटरनेशनल पर लगाया प्रतिबंध, मानवाधिकार संगठन का समर्थन करने वालों पर चलेगा मुकदमा

**मॉस्को।** रूस ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस संगठन को रूस ने अवांछित संगठन घोषित किया है। अब संगठन को रूस में अपने काम बंद करने होंगे। साथ ही रूस में कोई भी अगर संगठन का सहयोग या समर्थन करेगा तो उस पर मुकदमा चलेगा।

रूसी अधिकारियों ने बताया कि एमनेस्टी इंटरनेशनल को अवांछित संगठन घोषित कर दिया गया है। 2015 के कानून के तहत ऐसे संगठनों के साथ संबंध रखना अपराध होगा। रूसी अभियोजक जनरल के कार्यालय ने इस फैसले की घोषणा की।रूसी अभियोजक जनरल के कार्यालय ने कहा कि एमनेस्टी इंटरनेशनल रूस विरोधी प्रोजेक्ट चला रहा है। वह यूक्रेन की वकालत कर रहा है। एमनेस्टी इंटरनेशनल क्षेत्र में सैन्य टकराव बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। वह यूक्रेन के लिए फंडिंग बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

यह फैसला रूस के आलोचकों, पत्रकारों और कार्यकर्ताओं पर लगातार की जा रही कार्रवाई की दिशा में नया कदम है। इससे पहले रूस ने अमेरिकी सरकार के ब्रॉडकास्टर आरएफई/आरएल और अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण संगठन ग्रीनपीस को प्रतिबंधित किया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रूस अब तक 223 संगठनों पर प्रतिबंध लगा चुका है।



### वैश्विक मानवाधिकार संगठन है एमनेस्टी इंटरनेशनल

उल्लेखनीय है कि एमनेस्टी इंटरनेशनल एक वैश्विक मानवाधिकार संगठन है जो मानवाधिकारों के हनन को रोकने के लिए शोध और कार्रवाई करता है। इसका मुख्यालय लंदन में है। यह मानवाधिकार रक्षकों के लिए समर्थन और वकालत के जरिए मानवाधिकारों को बढ़ावा देने का काम करता है। हाल ही में एमनेस्टी ने एक रिपोर्ट जारी की थी। इसमें यूक्रेन पर रूस के हमलों की आलोचना की गई थी। रिपोर्ट में रूस पर मानवता के खिलाफ अपराध का आरोप लगाया गया है। संगठन ने रूस की कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठाई थी।

## भगोड़े नीरव मोदी को एक बार फिर झटका, ब्रिटेन की हाई कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका




**लंदन।** ब्रिटेन की हाई कोर्ट ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में एक अरब डॉलर के घोटाले के मुख्य आरोपी नीरव मोदी को जमानत देने से इनकार कर दिया। 2019 में हिरासत में लिए जाने के बाद यह 10वीं बार है, जबकि उनकी जमानत याचिका खारिज हुई है।

वहीं, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक एक्स पर एक पोस्ट में बताया, ब्रिटेन की हाई कोर्ट ने एक बार फिर नीरव मोदी को जमानत देने से इनकार कर दिया। नीरव मोदी पीएनबी के 1 अरब डॉलर के घोटाले के मामले में मास्टरमाइंड है। यह फैसला 15 मई 2025 को उसकी चौथी जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान लिया गया।

ईडी ने आगे लिखा, सुनवाई में नीरव मोदी के बचाव पक्ष और भारत सरकार की ओर से पेश अभियोजन पक्ष की दलीलों पर विस्तार से चर्चा हुई। ईडी ने लिखित में बताया कि कैसे नीरव मोदी ने धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) किया, शेल कंपनियों के जरिए पैसा ब्रिटेन जैसे दूसरे देशों में भेजा। घोटाले की राशि का एक हिस्सा जब्त करके वापस बैंकों को भी लौटाया गया है। इन सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी।

वहीं, इस फैसले के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक बयान में कहा, नीरव मोदी की नई जमानत याचिका लंदन की हाई कोर्ट (किंग्स बेंच डिवीजन) में खारिज कर दी गई। भारत की तरफ से क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस के वकील ने जोरदार तरीके से विरोध किया, जिन्हें सीबीआई की एक मजबूत टीम ने मदद दी।

सीबीआई ने कहा, हमने अदालत में मजबूत दलीलें दीं, जिसकी वजह से यह याचिका खारिज हुई। नीरव मोदी 19 मार्च 2019 से ब्रिटेन की जेल में है। वह भगौड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया है और उस पर भारत में सीबीआई द्वारा 6498.20 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा चलाया जाना है।

सीबीआई ने आगे कहा, ब्रिटेन में यह उसकी 10वीं जमानत याचिका थी, सीबीआई ने फिर चुनौती दी। नीरव मोदी को ब्रिटिश पुलिस ने मार्च 2019 में हिरासत में लिया था और ब्रिटेन का हाई कोर्ट उसके भारत प्रत्यर्पण को पहले ही मंजूरी दे चुका है। धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ईडी ने 2018 में नीरव मोदी और उसके चाचा मेहुल चोकसी के खिलाफ मामला दर्ज किया था और कई संपत्तियां जब्त की गई थीं।



## पोलैंड के चुनाव में उदारवादी खेमे को बढ़त के संकेत, दूसरे चरण में होगा कड़ा मुकाबला

**वॉरसा।** पोलैंड में रविवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव के पहले चरण में किसी भी उम्मीदवार को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। एग्जिट पोल के अनुसार, वारसॉ के उदारवादी मेयर राफाल ट्रजास्कोव्स्की और रूढ़िवादी इतिहासकार कारो नव्रॉकी सबसे आगे हैं। अब दोनों के बीच एक जून को दूसरे दौर का सीधा मुकाबला होगा।

### इतने प्रतिशत वोट की संभावना

आईपीएसओएस संस्थान द्वारा किए गए एग्जिट पोल में ट्रजास्कोव्स्की को 30.8% और नव्रॉकी को 29.1% वोट मिलने का अनुमान है। तीसरे नंबर पर फार-राइट उम्मीदवार स्लावोमिर मेंतजेन हैं, जिन्हें 15.4% वोट मिलने की संभावना जताई गई है। बता दें कि इस बार के चुनाव में 13 उम्मीदवार मैदान में थे। पोलैंड के कानून के अनुसार, किसी भी उम्मीदवार को राष्ट्रपति बनने के लिए कम से कम 50% वोट की जरूरत होती है। अगर ऐसा नहीं होता, तो दूसरे चरण में टॉप दो उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होता है।

### ट्रजास्कोव्स्की को एलजीटीबीक्यू का समर्थन

मामले में ट्रजास्कोव्स्की यूरोपीय संघ के समर्थक और एलजीबीटीक्यू+ अधिकारों के समर्थक हैं। जबकि नव्रॉकी, जो पहले कभी राजनीतिक अनुभव नहीं रखते, राष्ट्रीय सुरक्षा और पारंपरिक मूल्यों के समर्थक हैं। उनके समर्थन में कुछ विवाद भी उठे, जिनमें एक वृद्ध व्यक्ति से अपार्टमेंट प्राप्त करने के आरोप शामिल हैं.

## इस्राइल ने हमास के खिलाफ शुरू किया ऑपरेशन गिदोन चैरिएट्स

### सीरिया से वापस आए इस्राइली जासूस के दस्तावेज

**तेल अवीव।** हमास के खिलाफ इस्राइल का अभियान लगातार जारी है। अब इस्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हमास के खिलाफ अपना नया ऑपरेशन गिदोन चैरिएट्स शुरू किया है। आईडीएफ प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशनी ने एक वीडियो संदेश में नए ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी गई। लेफ्टिनेंट कर्नल शोशनी ने बताया कि आईडीएफ ने उत्तरी और दक्षिणी गाजा में ऑपरेशन को आगे बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि सात अक्तूबर के नरसंहार के बाद हमारा मिशन स्पष्ट है। हमारे बंधकों को वापस घर लाना और हमास की सैन्य और शासन क्षमताओं को नष्ट करना। पिछले सप्ताह इस्राइली वायु सेना ने हमास के 670 से ज्यादा ठिकानों, सुरंगों, हथियार स्थलों, टैंक रोधी इकाइयों पर हमला किया। उन्होंने कहा कि इस्राइली सैनिक अब गाजा में खतरों को खत्म करने, आतंकी ढांचे को नष्ट करने और प्रमुख क्षेत्रों पर नियंत्रण करने के लिए काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे मिशन के चार उद्देश्य हैं। पहला असंबद्ध नागरिकों को पहले से चेतावनी देना कि वह खतरे से दूर रहें। दूसरा युद्धक्षेत्र पर नियंत्रण, तीसरा इस्राइली नागरिकों की सुरक्षा करना और चौथा हमास के नेतृत्व और क्षमताओं को खत्म करना। कर्नल शोशनी ने कहा कि हमास के तमाम लड़ाकों को पहले ही मार गिराया जा चुका है। वायुसेना लगातार सटीक हमला कर रही है।



उन्होंने बताया कि यह रातोरात समाप्त नहीं होगा। लेकिन हम तब तक लड़ेंगे जब तक हमास का खतरा खत्म नहीं हो जाता और हमारे बंधकों को रिहा नहीं कर दिया जाता। मिशन जारी है।

### सीरिया से इस्राइल वापस लाए गए जासूस एली कोहेन के दस्तावेज

सीरिया में 60 साल पहले फांसी की सजा पाने वाली इस्राइली जासूस एली कोहेन से संबंधित दस्तावेज और व्यक्तिगत सामान वापस इस्राइल लाए गए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि मोसाद ऑपरेशन से संबद्ध विदेशी खुफिया सेवा के सहयोग से एली कोहेन से संबंधित आधिकारिक सीरियाई अभिलेख को इस्राइल लाया गया। इसमें हजारों ऐसी जानकारियां थीं, जिन्हें सीरियाई सुरक्षा बलों ने दशकों से अपने पास रखा था। पीएमओ ने कहा कि विशेष अभिलेखागार में लगभग 2,500 मूल दस्तावेज, फोटोग्राफ और व्यक्तिगत वस्तुएं शामिल हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मिस्र में एक यहूदी परिवार में जन्मे कोहेन 1960 के दशक की शुरुआत में मोसाद में शामिल हुए और कामेल अमीन थाबेट के नाम से सीरिया के राजनीतिक नेतृत्व के शीर्ष पदों पर घुसपैठ की। चार वर्षों में उन्होंने जो खुफिया जानकारी हासिल की, उसे 1967 के छह दिवसीय युद्ध में इस्राइल की सफलता विशेष रूप से गोलान हाइट्स पर कब्जा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का श्रेय दिया जाता है।

18 मई 1965 को कोहेन पर जासूसी के आरोप में सीरियाई सरकार ने मुकदमा चलाया और उन्हें फांसी दी गई। इस्राइल की विभिन्न सरकारों और मोसाद के वर्षों तक किए गए प्रयासों के बावजूद उनका शव कभी बरामद नहीं हो सका। पिछले दिनों इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और मोसाद निदेशक डेविड बार्निया के बीच बैठक के दौरान सीरिया में मौजूद कई मूल दस्तावेज और निजी वस्तुएं एली कोहेन की विधवा नादिया को भेंट की गईं।

पीएमओ के अनुसार, इनमें एली कोहेन द्वारा स्वयं अपनी फांसी से कुछ घंटे पहले लिखी गई मूल वसीयत भी शामिल है। उनके निजी सामान में दमिश्क में उनके अपार्टमेंट की चाबियां, पासपोर्ट और उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए झूठे दस्तावेज, तथा सीरिया में उनकी गुप्त गतिविधियों के दौरान की कई तस्वीरें मिलीं, जिनमें वरिष्ठ सीरियाई सरकारी और सैन्य अधिकारियों के साथ एली कोहेन के दस्तावेज भी शामिल हैं।

सीरियाई खुफिया एजेंसियों द्वारा उनके घर से एकत्र की गई रजिस्ट्री और डायरियों में पाए गए कई अभिलेखों में अन्य बातों के अलावा वे मिशन भी मिले, जो उन्हें मोसाद से मिले थे और जिन्हें गुप्त रूप से पूरा किया जाना था, जिसमें एक लक्ष्य की निगरानी करने का अनुरोध और क्यूनेत्रा में सीरियाई सैन्य ठिकानों पर खुफिया जानकारी एकत्र करने का मिशन शामिल है।



## स्पार्टा में भगवान हनुमान की मूर्ति स्थापित, भारतीय दूतावास ने कहा- विश्वास और मित्रता का प्रतीक

**जॉर्जटाउन।** गुयाना के स्पार्टा में एस्सेक्विबो तट पर रविवार को सीता राम राधे श्याम मंदिर में भगवान हनुमान की 16 फीट की मूर्ति स्थापित की गई। भारतीय दूतावास ने मूर्ति को 'विश्वास, मित्रता और दृढ़ संकल्प' का प्रतीक बताया है। दूतावास ने कहा कि भगवान हनुमान की मूर्ति को सूकलाल परिवार ने भारत से आयात किया है और अपने माता-पिता की याद में स्थापित किया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मूर्ति के अनावरण से पहले शुक्रवार को तीन दिवसीय यज्ञ शुरू किया गया, जिसके बाद भक्तों की भारी भीड़ के सामने मूर्ति का अनावरण किया गया। धार्मिक कार्यक्रम में समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, भगवान हनुमान की मूर्ति की स्थापना मंदिर और क्षेत्र के हिंदू समुदाय के लिए एक मील का पत्थर है।

### भारतीय दूतावास ने साझा की तस्वीरें

गुयाना में भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट कर भगवान हनुमान की मूर्ति की तस्वीर साझा की। दूतावास ने कहा, 'स्पार्टा के सीता राम राधे श्याम मंदिर में भगवान हनुमान की 16 फीट ऊंची मूर्ति स्थापित की गई है। यह आस्था, मित्रता और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। भगवान बजरंगबली भारत और गुयाना के बीच लोगों के बीच घनिष्ठ संबंध बनाने के हमारे प्रयासों में हमारा भला करें।'

# जो सरकार अच्छा काम करती है वह आम जनता के बीच जाने से नहीं कतराती : मुख्यमंत्री साय

## बीते डेढ़ साल में हमने जनता के लिए काम किया, इसलिए जनता के बीच जा रहे : मुख्यमंत्री

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

सुशासन तिहार के अंतर्गत आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का उड़न खटोला बिलासपुर जिले के कोटा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम आमागोहन में उतरा। वनांचल के आदिवासी ग्राम में मुख्यमंत्री श्री साय को अपने बीच पाकर ग्रामीणों में उत्साह और खुशी का माहौल था। वे चिलचिलाती धूप की परवाह किए बगैर अपने राज्य के मुखिया को एक झलक देखने और उन्हें सुनने के लिए घण्टो डटे रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने समाधान शिविर में जहाँ ग्रामीणों से संवाद किया वहीं मुख्यमंत्री ने समाधान पेटी में डाले गए आवेदनों की निराकरण की स्थिति भी जानी। उन्होंने सुशासन तिहार की सार्थकता को बताते हुए कहा कि आज सुशासन तिहार के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सरकार आपके गाँव में आई है। हमने बीते डेढ़ वर्षों में राज्य के लोगों के हित में कार्य किया है। जो सरकार अच्छा काम करती है उनकी ही हिम्मत होती है जनता के बीच जाने की। सुशासन तिहार एक तरह से हमारा रिपोर्ट कार्ड भी है और हमारी सरकार के द्वारा किए गए कार्यों का आंकलन करने का अवसर भी। इसके माध्यम से सरकार योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन की स्थिति भी जान रही है।



सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत बिलासपुर जिले के कोटा ब्लॉक के अंतर्गत दूरस्थ आदिवासी ग्राम आमागोहन के समाधान शिविर में मुख्यमंत्री श्री साय शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से राज्य में हमारी सरकार बनी और डेढ़ वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवधि में लोकसभा,नगरीय निकाय,नगर पंचायत में हमारी सरकार बनी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत किए गए सभी वादों को पूरा किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने शपथ लेते ही अगले दिन से 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने दुर्ग और अम्बिकापुर में भी राज्यवासियों को 3–3 लाख पीएम आवास दिये। इसके अलावा पीएम जनमन आवास और नक्सल क्षेत्रों में आत्म समर्पित परिवारों को आवास दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आवास प्लस में जिनका नाम है उनको भी आवास दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने किसानों का वादा पूरा कर 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी का निर्णय लिया। दो वर्ष से बकाया धान बोनस राशि भी दी। उन्होंने कहा कि 70 लाख से अधिक महिलाओं को महतारी वन्दन योजना की राशि उनके खाते में देकर आर्थिक समृद्धि और महिला सशक्तिकरण का द्वार खोला। जिनका नाम छूट गया है उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है,आने वाले दिनों में छूटे हुए हितग्राहियों का नाम भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले हितग्राहियों के हित में निर्णय लेते हुए प्रति मानक बोरा की राशि 4 हजार से 5500 रुपये किया गया। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही रामलला दर्शन योजना प्रारंभ कर हितग्राहियों को रामलला का दर्शन कराया है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने बड़े–बुजुर्गों की इच्छाओं को पूरा करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री तीर्थ योजना को प्रारंभ किया है। इस योजना से तीर्थ यात्रा के इच्छुक परिवार अन्य तीर्थ स्थल का लाभ उठा पाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने 24 अप्रैल से ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र प्रारंभ की है। इस योजना से सभी ग्राम पंचायत जुड़ेंगे और ग्रामीणों को गाँव में ही बैंक जैसी सुविधाएं उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि अटल डिजिटल सेवा केंद्र में किसी भी योजना के हितग्राहियों को राशि निकालने में सुविधा होगी। वही जाति, निवास सहित अन्य दस्तावेज भी मिल पाएंगे। अभी 1460 पंचायत में यह प्रारंभ की गई है।

# संत कंवरराम के मेले की तैयारी अंतिम चरण में



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

संत कंवरराम परमार्थ संस्थान द्वारा, इस वर्ष भी, आगामी 25 मई को स्थानीय सिंधु पैलेस, शंकरनगर, रायपुर में बड़ी धूमधाम से संत कंवरराम की शान में मेला का आयोजन किया जा रहा है।

संस्था के अध्यक्ष अमित जीवन मुख्य प्रवक्ता किशोर आहूजा और पवन प्रितवानी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि, इसके सफल आयोजन के लिए कल आयोजित सभा में, विभिन्न समितियों का गठन कर प्रभारियों की नियुक्ति की गयी है और कार्यक्रम की रुपरेखा तय की गयी.

कंवरराम के मेले की शुरुआत दोपहर 3 बजे से अन्न दान से शुरु होगी, अन्नदान के पश्चात चार बजे आरती और प्रसादी वितरण किया जाएगा. तत्पश्चात संतकंवरराम की जीवन पर वृतचितृ का प्रदर्शन किया जाएगा. उसके बाद रात्रि 8 से 9 बजे रायपुर के मयुर भगत और उल्हासनगर से पधारे संजय भगत की भजन मंडली का कार्यक्रम होगा. 9 बजे भोग साहिब प्रसादी संतो का सम्मान और उद्बबोधन होगा.

इस मेले का मुख्य आकर्षण अमरावती के सांई हुजुर राजेश कुमार जी, शदाणी दरबार के नवें पीठाधीश संत युधिष्ठिर लाल जी, चकरभाटा से सांई लालदास जी, देवपुरी दरबार से अम्मा चोलेवाली और नगर ब्राहम्ण समाज और साधु समाज, नगर की सभी पंचायतों के मुखीगण प्रमुख नागरिक बंधु महिला पुरुष सभी शामिल होंगे.

इस सभा में वाशु जीवनानी, पवन प्रितवानी, राजू भाई तारवानी, राजकुमार सोनी, प्रहलाद शादीजा, प्रताबराय थारवानी, योगेश गुरनानी, राम खटवानी उपस्थित रहे।

# प्रदेश के हर वर्ग के लिए संवेदनशील है हमारी सरकार : विधायक अनुज शर्मा

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



खरोरा के बंगोली में रविवार को हुए सड़क हादसे में मृतक और घायलों के परिजनों को धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा ने आर्थिक सहायता के तहत चैक का वितरण .

घटना में 13 लोगो की जान चली गई थी तथा 14 लोग घायल हुए थे ! उक्त घटना के बाद माननीय मुख्यमंत्री जी ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल मृतक के परिजनों को 05–05 लाख तथा घायलों को 50–50 हज़ार रुपये आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की थी साथ ही देश के मान. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मृतक परिवार को 02.00 लाख तथा घायलों को 50–50 हज़ार रुपये प्रधानमंत्री राहत कोष से सहायता की घोषणा की थी। श्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश तथा देश के हर एक वर्ग के साथ खड़ा हुआ है इसी का उदाहरण है जो घटना के एक हफ्ते के भीतर मृतक एवं घायल परिवारो को आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया। जिसमे ग्राम मोहदी के 4 एवं ग्राम मनोहरा के 1 मृतक परिवार को 05–05 लाख रुपये तथा ग्राम मोहदी के 5 घायलों एवं ग्राम चरोदा के 3 घायलों को 50–50 हजार का चेक प्रदान किया गया।

**मकान बेचना है**

गुलशन वाटिका सेजबहार में तीन बेड रूम हाल फाल्स सीलिंग एवं मोडुलर किचन सहित नवनिर्मित मकान क्वालिटी कंस्ट्रक्शन (बाथ जगुआर फिटिंग) प्लॉट एरिया 1500sqft बेचना है।

संपर्क

9669910003, 8839340660

# गोवा ट्रिप का झांसा देकर 70 लाख की ठगी, एक गिरफ्तार



दुर्ग (प्रतिदिन राजधानी)

जिले के पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में गोवा ट्रिप, सोने का सिक्का और एक हजार वर्ग फिट जमीन का लालच देकर लोगों से 70 लाख की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुरानी भिलाई निवासी पीड़िता सुषमा सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2022 में एक डिजायर ताज वेकेशन के नाम से भिलाई के सूर्या ट्रेजर आईलेन्ड में आफिस खोला गया था, जहां इसके डायरेक्टर पिन्टु सोनेकर ने 10 साल की मेम्बरशीप लेने पर 1000 वर्गफीट जमीन, सोने का सिक्का एवं टूर एण्ड ट्रेवल्र्स में फ्लाइट से गोवा ट्रिप में रहने और खाने–पीने का खर्च कंपनी द्वारा वहन किए जाने का फर्जी स्कीम बताकर लोगों से धोखाधड़ी की है। उसने झांसा देकर सुषमा सिंह, उषा देवी, संजना देवांगन, पंकज दिल्लीवार, एकता बंजारे, के. प्रियंका, ची. नागेश्वर, शंशाक सार्वा, एस. कल्याणी, गंगा बाई समेत अन्य लोगों से करीबन 70 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। स्मृति नगर चौकी पुलिस ने सभी की शिकायत के बाद धारा 420 का अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।

ससुराल में छिपा था आरोपी, दो साथियों के साथ मिलकर की थी धोखाधड़ी

नागपुर निवासी आरोपी पिंटू उर्फ रमेश सोनकर अपने ससुराल दुर्ग में छिपा था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ करने पर उसने अपने साथी मयूर मेश्राम एवं प्रशांत खोपड़े के साथ मिलकर एक डिजायर ताज वेकेशन के नाम पर आफिस खोलने और लोगों को अधिक फायदा देने एवं दूर एण्ड ट्रेवल्र्स के नाम पर लोगों को गोवा फ्लाइट से घुमाने के नाम पर किस्त किस्त में रकम जमा कराकर धोखाधड़ी करना कबूल किया है।

# अभिनेत्री पूनम ढिल्लों के हाथों पुरस्कृत हुए : डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

प्रसार भारती आकाशवाणी केंद्र पार्लियामेंट स्ट्रीट नई दिल्ली में विजनरी इंडियन अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री पूनम ढिल्लों के करकमलों से रंगमंच अभिनेता लोक कला साधक डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर को विजनरी इंडियन अवार्ड से सम्मानित किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हस्तियों को सम्मानित किया गया।




डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर द्वारा संचालित लोक रंजनी लोककला मंच रायपुर तथा विभिन्न नाटक में अभिनीत नाटक राजा फोकलवा दसमत कईना वीर नारायण सिंह, का मंचन देश भर के प्रमुख शहरों के मंचों पर समारोह में किया गया जिसमें एन.सी.पी.ए.थियेटर मुंबई, पृथ्वी थिएटर मुंबई, भारत पर्व लाल किला नई दिल्ली, प्रवासी भारती दिवस बेंगलुरु,भारत रंग महोत्सव दिल्ली, इंदिरा कला दिल्ली, जवाहर कला केंद्र जयपुर, अंतर्राष्ट्रीय गिरमिटिया रंग महोत्सव कुशीनगर, राजीव गांधी मंच गोंडा गोवा, रविंद्र मंच कोलकाता, रविंद्र मंच भुवनेश्वर ओडीशा, संगीत नाटक अकादमी का कार्यक्रम शिलांग, लोक मंथन गुवाहाटी, विरासत महोत्सव देहरादून, मैसूर दशहरा, कूल्लू दशहरा, अगरतला संगीत नाटक अकादमी, फिल्म सिटी गुब्बी कर्नाटक, चेन्नई, नागपुर, भारत भवन भोपाल, राष्ट्रीय लोक कला महोत्सव झांसी, कला महोत्सव कांटा भाजी, दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर, खजुराहो महोत्सव, सिरपुर महोत्सव, इलाहाबाद कुंभ, उज्जैन कुंभ, भाग्य नगर हैदराबाद, प्रयागराज महाकुंभ, राजिम कुंभ मेला, चक्रधर समारोह रायगढ़, चित्रकूट महोत्सव, छत्तीसगढ़ दिवस पर दिल्ली के राजभवन में प्रस्तुति, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में प्रतिवर्ष प्रस्तुति, के अलावा छत्तीसगढ़ सहित देश भर के अनेकों मंचों पर सफलतापूर्वक संस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिए हैं।

डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया है जिसमें कलाश्री सम्मान डॉ. रघुराम राजन भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के हाथों सम्मानित हुए, नादिरा राज बब्बर के हाथों रंग मंच में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के कर कमलों से राज्य सम्मान, राज्यपाल अनुसूईया उईके जी के करकमलों से कला रत्न सम्मान, महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस जी के करकमलों से रंग साधक सम्मान, हबीब तनवीर अलंकरण सम्मान, दाऊ मंदराजि सम्मान पद्म विभूषण तिजन बाई के हाथों प्रदान किया गया। डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर के अध्यक्षिय कार्यकाल में संस्कार भारती रायपुर द्वारा प्रथम नाट्य रंग महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन प्रारंभ हुआ जो प्रतिवर्ष जारी है।

# रायपुर में यातायात पुलिस की नई पहल,25 ट्रैफिक वार्डन किए तैनात

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)




रायपुर शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा एक नई पहल की गई है। इस पहल के तहत नगर निगम और जिला प्रशासन के सहयोग से 25 ट्रैफिक वार्डन नियुक्त किए गए हैं, जिन्हें शहर के प्रमुख चौक–चौराहों और जाम प्रभावित इलाकों में तैनात किया जाएगा।

### समारोह में महत्वपूर्ण हस्तियों की उपस्थिति

इस पहल की शुरुआत पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा की प्रेरणा से हुई। समारोह में कलेक्टर रायपुर गौरव सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह, नगर निगम आयुक्त विश्वदीपक, तथा यातायात पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा, नगर निगम के टीम प्रहरी के पुरुष एवं महिला स्टाफ सहित करीब 200 लोग इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

### यातायात व्यवस्था सुधारने के प्रयास

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने बताया कि शहर में वाहनों की संख्या में वृद्धि के कारण यातायात का दबाव बढ़ रहा है। वहीं, बाजार क्षेत्रों में अव्यवस्थित पार्किंग से भी चुनौती उत्पन्न हो रही है। नगर निगम की टीम प्रहरी, यातायात पुलिस के साथ मिलकर अतिक्रमण हटाने और सड़क व्यवस्था सुधारने की दिशा में काम कर रही है। हालांकि, यातायात बल की कमी के कारण कई महत्वपूर्ण जंक्शनों पर पुलिस बल की तैनाती संभव नहीं हो पा रही थी, जिसे अब ट्रैफिक वार्डन योजना से पूरा किया जाएगा।

### प्रशिक्षण और भविष्य की योजनाएं

नवनियुक्त ट्रैफिक वार्डन को कलेक्टर दर पर निर्धारित मानदेय मिलेगा, और तैनाती से पहले यातायात व्यवस्था का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर रायपुर और नगर निगम आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि एक माह बाद इन ट्रैफिक वार्डनों के प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी। प्रशासन का लक्ष्य है कि ये वार्डन अतिक्रमण हटाने वाली टीम प्रहरी की तरह जनता की सराहना प्राप्त करें और यातायात को सुगम बनाने में अहम भूमिका निभाएं।

### गुजरात मॉडल से प्रेरणा

पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने बताया कि गुजरात में पहली बार ट्रैफिक वार्डन को पुलिस कार्यों का हिस्सा बनाया गया था। अब रायपुर जिले में इसकी शुरुआत की जा रही है। यदि यह प्रयोग सफल रहा, तो अन्य जिलों में भी इसे लागू किया जा सकता है।




# अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में अर्चित को दो रजत पदक

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

नेपाल में आयोजित लुंबिनी अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में शहर के अर्चित श्रीवास्तव ने दो रजत पदक जीतने में सफलता प्राप्त की है। लुंबिनी प्रांत के रूपनदेही जिले में 16–18 मई तक आयोजित इस प्रतियोगिता में रायपुर के अर्चित ने सब जुनियर ग्रुप के 20 किलोग्राम वर्ग में व्यक्तिगत काता और कुमेटी ( फाइट) स्पर्धा में यह पदक जीते हैं।



नेपाल की युवा एवं खेल मंत्रालय और नेपाल कराटे फेडरेशन द्वारा आयोजित स्पर्धा में सब जुनियर, जुनियर, अंडर 18 ,सीनियर वर्गों में महिला एवं पुरूषों के व्यक्तिगत और टीम काता की विभिन्न किलोग्राम वर्गों में प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में भारत, नेपाल , बांग्लादेश , श्रीलंका और भूटान के एक हजार से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। छ.ग. स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) कार्यालय में प्रबंधक श्री विकास श्रीवास्तव के सुपुत्र अर्चित ने पहले भी जोनल एवं क्षेत्रीय स्पर्धाओं में हासिल किया है।

# एसईसीएल मुख्यालय में उच्च रक्तचाप जांच शिविर आयोजित



बिलासपुर (प्रतिदिन राजधानी)

विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के उपलक्ष्य में 19 मई 2025 को एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर में उच्च रक्तचाप (बीपी) जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस स्वास्थ्य जागरूकता पहल का उद्देश्य कर्मचारियों में हाइपरटेंशन जैसे 'साइलेंट किलर' रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर जांच एवं परामर्श प्रदान करना रहा।

शिविर के दौरान एसईसीएल के निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास ने भी अपनी बीपी की जांच करवा कर कर्मियों को स्वास्थ्य जांच के प्रति प्रेरित किया।

मुख्यालय में कार्यरत लगभग 200 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शिविर में भाग लिया। इनमें से करीब 50 कर्मियों में रक्तचाप का स्तर सामान्य से अधिक पाया गया, जिन्हें एसईसीएल की मेडिकल टीम द्वारा उचित परामर्श और आवश्यक सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई।

इस शिविर का संचालन मुख्यालय चिकित्सा सेवा प्रमुख/विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा पाठक के नेतृत्व में किया गया। शिविर के दौरान मेडिकल टीम से चिकित्सा सेवा प्रमुख, डॉ श्रुतिदेव मिश्रा, डॉ अरिहंत जैन, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ संजीवनी पाणिग्रही, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, डॉ नेहा साहू, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर यह सुनिश्चित किया कि जांच प्रक्रिया सुचारु रूप से सम्पन्न हो तथा हर प्रतिभागी को उचित सलाह उपलब्ध कराई जाए।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक–शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक–हरीश नचरानी, मो.–9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.– 0771–2223399, मो.–6262904444